वाराणसी शुक्रवार
11 अक्टूबर 2024
वर्ष : 1 अंक : 24
मूल्य : 4.00 रुपए
पृष्ठ : 08
Title Code : UPHIN51376

ujalasanchar376@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# उजाला संचार

वाराणसी से प्रकाशित तथा लखनऊ, बरेली, कानपुर, प्रयागराज, चंदौली, सोनभद्र, मिर्जापुर बलिया, जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़, गोरखपुर, भदोही, देवरिया सहित यूपी, बिहार, दिल्ली से प्रसारित





पीएम ने महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी

## कांग्रेस हिंदुओं को जाति में बांटती है

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कांग्रेस लोगों में डर पैदा करती है, मुस्लिम जातियों की बात आते ही इनके नेताओं के मुंह पर लग जाता है ताला

● नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर पीएम ने कहा कि कांग्रेस देश को बांटने की राजनीति करती है। पीएम ने कहा- कांग्रेस के एक भी नेता ने आज तक नहीं कहा कि हमारे मुस्लिम भाई-बहनों में कितनी जातियां होती हैं। मुस्लिम जातियों की बात आते ही कांग्रेसी नेता मुंह पर ताला लगा कर बैठ जाते हैं, लेकिन जब भी हिंदू समाज की बात आती है, तो कांग्रेस उनकी चर्चा जाति से ही शुरू करती है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों के मन में भय का माहौल पैदा कर रही है। कांग्रेस लोगों में डर पैदा करती है। कांग्रेस अपने वोट बैंक की खातिर देश का सांप्रदायिककरण कर रही है। कांग्रेस का फॉर्मूला साफ है कि मुसलमानों को डराते रहो, उनको भय दिखाओ, उनको वोट बैंक में कन्वर्ट करो और वोट बैंक को मजबूत करो। कांग्रेस की नीति हिंदुओं की एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाने की है। कांग्रेस जानती है हिंदू जितना बंटेगा, उतना ही उसका फायदा होगा। कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है, ताकि वो उस पर राजनीतिक रोटियां सेंकती रहे। भारत में जहां भी चुनाव होते हैं, वहां कांग्रेस यही फॉर्मूला लागू करती है।

### कांग्रेस का फॉर्मूला- हमेशा बांटो और सत्ता पाओ

मोदी ने कहा- कांग्रेस पूरी तरह से सांप्रदायिक और जातिवाद का चुनाव लड़ती है। हिंदू समाज को तोड़कर उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना, यही कांग्रेस की राजनीति का आधार है। कांग्रेस भारत के सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की परंपरा का दमन कर रही है, सनातन परंपरा का दमन कर रही है। कांग्रेस, हमेशा बांटो और सत्ता पाओ के फॉर्मूले पर चली है। कांग्रेस ने बार-बार ये सिद्ध किया है कि वो एक गैर-जिम्मेदार दल है। वो अभी भी देश को बांटने के लिए नए-नए नैरेटिव गढ़ रही है। कांग्रेस समाज को बांटने का फॉर्मूला लाती रहती है।

### हरियाणा ने बता दिया देश का मिजाज

पीएम ने कहा कि अभी कल ही हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम आए हैं। हरियाणा ने बता दिया है कि देश का मिजाज क्या है। दो बार कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार तीसरी बार चुनकर आना ऐतिहासिक है। कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, अर्बन नक्सल का पूरा गिरोह जनता को गुमराह करने में जुटा था, लेकिन कांग्रेस की सारी साजिशें ध्वस्त हो गईं। इन्होंने दलितों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की, लेकिन दलित समाज ने इनके खतरनाक इरादों को भांप लिया। दलितों को एहसास हो गया कि कांग्रेस उनका आरक्षण छीनकर अपने वोट बैंक को बांटना चाहती है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं को टारगेट किया और अलग-अलग तरीके से उन्हें भड़काने की कोशिश की, लेकिन हरियाणा के नौजवान, हमारी बहनें-बेटियां अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए भाजपा पर ही भरोसा कर रहे हैं।

### हमने मराठी भाषा को नई पहचान दी

पीएम ने कहा कि महाराष्ट्र में विकास तेज हुआ, हमने मराठी भाषा को नई पहचान दी। आज महाराष्ट्र को 10 मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल रही है। नागपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और विस्तार का काम, शिर्डी एयरपोर्ट के लिए एक टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण, आज इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े इन दो अहम प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास भी हुआ। उन्होंने कहा कि मैं इन सभी विकास कार्यों के लिए महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। महाराष्ट्र के इतिहास में इतनी तेज गति से, इतने बड़े स्केल पर अलग-अलग क्षेत्रों में कभी भी विकास नहीं हुआ। हां, ये बात अलग है कि कांग्रेस के राज में इतनी ही तेज गति से, इतने ही स्केल पर अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रष्टाचार जरूर होता था।

### कांग्रेस नेता पवन खेड़ा बोले- विपक्ष पर हमला करने के लिए सरकारी मंच का उपयोग क्यों

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया- राजनीतिक भाषण देने और विपक्ष पर हमला करने के लिए पीएम मोदी को सरकारी कार्यक्रम के मंच का उपयोग नहीं करना चाहिए। टैक्स पेयर के पैसे का इस्तेमाल भोग-विलास के लिए नहीं किया जा सकता है और न ही किया जाना चाहिए। राजनीतिक भाषण के लिए वह भाजपा के मंच का उपयोग कर सकते हैं।

गुजरात के लोथल में दुनिया का सबसे बड़ा एनएमसीएच बनेगा

## केंद्र का बड़ा फैसला: 2028 तक गरीबों को मिलता रहेगा मुफ्त अनाज

### 17 हजार करोड़ खर्च करेगी सरकार, 80 करोड़ लोगों को होगा लाभ, राजस्थान-पंजाब में 2280 किमी. सड़कें बनेंगी

● नई दिल्ली



केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को बैठक हुई। इसमें कई विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बैठक में पीएम मोदी ने सीमावर्ती इलाकों में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में 4406 करोड़ रुपए के निवेश से 2280 किमी. सड़क निर्माण को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएम-जीकेएवाय) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जुलाई 2024 से दिसंबर 2028 तक मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दी है। इसमें 17,082 करोड़ रुपए खर्च होंगे, जिसे पूरी तरह से केंद्र सरकार उठाएगी। वैष्णव ने कहा- गुजरात के लोथल में दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमसीएच) विकसित किया जाएगा। इस प्रस्ताव का उद्देश्य समृद्ध और विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करना है। अप्रैल 2022 में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने मार्च 2024 तक चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में चावल फोर्टिफिकेशन पहल को लागू करने का निर्णय लिया था।

### क्यों पड़ी एफआरके की जरूरत?

भारत में महिला-बच्चों में कुपोषण का स्तर बहुत अधिक है। इसकी वजह से हर दूसरी भारतीय महिला रक्त की कमी (एनिमिया) से पीड़ित है और हर तीसरा बच्चा बौना है। वैश्विक भूख सूचकांक (जीएचआई) 2023 के अनुसार भारत 125 देशों में 111वें पायदान पर है। ऐसे में आनाजों में पोषक तत्व मिलाकर कुपोषितों तक पोषणयुक्त भोजन पहुंचाना बहुत जरूरी है। यह कुपोषण से लड़ने का एक उपयुक्त तरीका है।

### क्यों लिया गया फोर्टिफाइड चावल के वितरण का फैसला

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश में पोषण सुरक्षा की आवश्यकता पर पीएम मोदी के जोर देने के बाद एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस), अन्य कल्याणकारी योजनाओं, एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), पीएम पोषण (पूर्ववर्ती एमडीएम) में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति करने पहल की गई। भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के अनुसार सामान्य चावल में पोषक तत्व मिलाकर फोर्टिफाइड चावल तैयार किया जाता है। ये सूक्ष्म पोषक तत्व लोगों की आहार जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मिलाए जाते हैं।

## विद्युत से दिव्यांग युवक की किराना स्टोर पर काम करते समय हुई मौत



उजाला संचार

**गाजीपुर।** दुल्लापुर मानव को गरीबी कहां से कहां तक पहुंचा देती है जिसकी की कोई सीमा न होती मुन्ना चौहान पुत्र राम सकल चौहान उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी ग्राम सभा ओड:राई खुटहा जो दोनों पैरों से विकलांग थे वह जीविका पार्जन करने के लिए संदीप सिंह के किराना स्टोर पर मजदूरी करता था अचानक विद्युत चपेट में आने से युवक की मौत हो गई तत्काल सूचना पाकर विकलांग पिता व परिवार वाले मौके पर पहुंचे किराना स्टोर के मालिक के आश्वासन पर की हम पैसा दे देंगे इस पर परिजनों ने मृतक को निवास स्थान खूट हा ले आए काफी देर तक इधर-उधर की चचाएं होती रही यहां तक की सलाह वाली भी बात चल रही थी किराना स्टोर संदीप सिंह के घर से फरार होने पर यह बात बन नहीं पाई इसके बाद मामला थाने तक पहुंचा वहां से परिजनों ने मृतक को लेकर संदीप सिंह के घर चले आए वहां पर धरना प्रदर्शन करने के बाद क्षेत्र अधिकारी भुरकुडा और उप जिला अधिकारी जखनिया दोनों महोदय आकर समझने का प्रयास किया लेकिन परिजन ना मानने पर मामला मुकदमा पर पहुंच गया मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं तथा परिवार

## मोहित गुप्ता वाराणसी रेंज के नए आईजी

### सीबीआई से 6 साल बाद लौटे हैं यूपी जानिए अब तक का सफर

उजाला संचार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आईपीएस मोहित गुप्ता को आईजी रेंज वाराणसी के पद पर नियुक्त किया है। वाराणसी रेंज में तीन जिले चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर की जिम्मेदारी है। वर्ष 2006 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी मोहित गुप्ता इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे और 2018 से सीबीआई में अपनी सेवाएं दे रहे थे। छह साल बाद वे फिर से उत्तर प्रदेश पुलिस में वापस लौटे हैं।मोहित गुप्ता ने कंप्यूटर साइंस में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। वे उत्तर प्रदेश के अयोध्या, मथुरा समेत 10 जिलों में पुलिस अधीक्षक के पद पर रह चुके हैं।सितंबर 2018 में सीबीआई में शामिल हुए और वहां छह वर्षों तक सेवा दी।डीजीपी हेडक्वार्टर सीबीआई से लौटने के बाद, मोहित गुप्ता को डीजीपी



हेडक्वार्टर में तैनात किया गया था।अब आईजी रेंज वाराणसी के रूप में उनकी नई भूमिका में, वे चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर जिलों में कानून व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा मामलों को संभालने की जिम्मेदारी निभाएंगे।

## अतिरिक्त फोर्स की तैनाती होगी, लापरवाही पर निलंबन तय: पुलिस आयुक्त

### गोदौलिया से मैदागिन तक होगा नो व्हीकल जोन, स्थानीय दुकानदारों को मिलेगी छूट

उजाला संचार

**वाराणसी।** आगामी त्योहारों की तैयारियों को लेकर पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बुधवार को शहर का दौरा किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों का जायजा लिया।आयुक्त ने मुख्य मार्गों पर यातायात को सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उनके अनुसार, ह्लगोदौलिया से मैदागिन तक नो-व्हीकल जोन बनाया जाएगा। दिव्यांगों, वृद्धों, बीमारों और गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए प्रशासन निःशुल्क ई-रिक्शा चलाने की योजना बना रहा है। स्थानीय दुकानदारों को विशेष छूट भी दी जाएगी।




त्योहारों के दौरान भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए जाएंगे।व्यापारियों से वार्ता कर बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ और यातायात समस्याओं का समाधान किया जाएगा। अतिक्रमण की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। ऑपरेशनल हैं, और एक नई क्रेन भी विभाग को मिली है, जो कल से अनाधिकृत पार्किंग की गई गाड़ियों को उठाने का कार्य शुरू करेगी।अतिक्रमण और ट्रैफिक अव्यवस्था के मामलों में चौकी प्रभारी और सिपाही निलंबित किए जाएंगे।पीआरवी के सिपाहियों को गाड़ी में बैठने के बजाय ट्रैफिक संचालन में सक्रिय रूप से भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान, काशी गौरव बंशवाल, अऊढ काशी नीतू और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। यह निरीक्षण आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से मनाने के लिए किया गया था।पुलिस आयुक्त का यह निरीक्षण शहर की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सुनिश्चित करेगा कि त्योहारों के दौरान लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## अलविदा... नहीं रहे देश के रतन

### रतना टाटा ने 86 साल की उम्र में मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में ली अंतिम सांस

#### 2 दिन पहले पोस्ट किया था- ठीक हूं, चिंता की बात नहीं



रतन नवल टाटा
जन्म: 28 दिसंबर 1937
मृत्यु: 09 अक्टूबर 2024

टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन नवल टाटा का 86 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल के इंटेसिव केयर (आईसीयू) यूनिट में भर्ती थे।

इससे पहले 7 अक्टूबर को कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रतन टाटा ब्रीच कैंडी अस्पताल की इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में भर्ती हैं। उनका ब्लड प्रेशर काफी कम हो गया था। इसके बाद रतन टाटा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर बताया था, मैं ठीक हूं और ज्यादा उम्र के कारण रुटीन चेकअप के लिए अस्पताल गया था। चिंता की कोई बात नहीं है। 28 दिसंबर 1937 को जन्मे रतन टाटा टाटा ग्रुप के संस्थापक जमशेदजी टाटा के परपोते हैं। वह 1990 से 2012 तक ग्रुप के चेयरमैन थे और अक्टूबर 2016 से फरवरी 2017 तक अंतरिम चेयरमैन थे।

रतन, टाटा ग्रुप के चैरिटेबल ट्रस्ट्स के प्रमुख थे। रतन ने अपनी विरासत को एक नए मुकाम पर पहुंचाया। उन्होंने एअर इंडिया को अपने एंपायर में शामिल किया। विदेशी कंपनी फोर्ड के लग्जरी कार ब्रांड लैंडरोवर और जगुआर को भी अपने पोर्टफोलियो में जोड़ा।

> टाटा एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। उनका योगदान बोर्ड रूम से कहीं आगे तक गया।
>
> ■ **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

> भारत ने एक ऐसे आइकॉन को खो दिया है, जिन्होंने कॉरपोरेट ग्रोथ के साथ राष्ट्र निर्माण और नैतिकता के साथ उत्कृष्टता का मिश्रण किया। पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित रतन टाटा ने टाटा ग्रुप की विरासत को आगे बढ़ाया है।
>
> ■ **द्रौपदी मुर्मु**, राष्ट्रपति

## नामी कंपनी का 1345 बोरी डुप्लीकेट सीमेंट पकड़ाया

**मधुबन, मऊ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गांगेबीर में नामी सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक के नाम पर नकली सीमेंट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। अल्ट्राटेक सीमेंट के कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी की सतर्कता से मंगलवार को गांगेबीर में एक गोदाम पर ट्रक पर लदे 1345 बोरी नकली सीमेंट को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। पुलिस ने ट्रक पर एक व्यक्ति समेत नकली सीमेंट को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने सीमेंट गोदाम को सीलकर एक के खिलाफ जालसाजी समेत कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध कारोबार में संलिप्तों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय थाना कस्बा से सटे गांगेबीर स्थित एक सीमेंट गोदाम पर मंगलवार को एक ट्रक में अल्ट्राटेक सीमेंट रखा था। इस बीच अल्ट्राटेक सीमेंट लि. कंपनी के अधिकारी नीरज मिश्रा पुत्र शम्भुनाथ मिश्रा निवासी डी-32-1, सेक्टर जी-एलडीए कालोनी लखनऊ थाना अशियाना ने अपने उत्पादों की जांच-पड़ताल व सर्वे के लिए आए थे। इनकी नजर ट्रक में रखे सीमेंट पर पड़ गई। जांच-पड़ताल में अल्ट्राटेक सीमेंट में भिन्नता मिली। ट्रक में बैठे व्यक्ति से पूछताछ में उसने एक बिल दिखाया। यह बिल अल्ट्राटेक कंपनी का नहीं था। वहीं बिल पर न वितरण और न ही ब्रांड नेम अल्ट्राटेक अंकित था। इस तरह की जालसाजी की सूचना पाते ही प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। सीमेंट कंपनी के नीरज मिश्रा के साथ गोदाम की जांच-पड़ताल किया गया। जिसमें गोदाम में रखे गए सीमेंट भी नकली पाया गया। पुलिस ने गोदाम को सील करते सीमेंट समेत ट्रक को कब्जे में ले लिया जबकि अखिलेश यादव पुत्र बिक्कन यादव निवासी नकीहवा देवारा के खिलाफ अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी के नीरज मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने जालसाजी समेत कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक
उजाला संचार

## संक्षिप्त समाचार

### चालकों और परिचालकों का हुआ नेत्र परीक्षण

#### डिपो परिसर में कैंप लगाकर किया गया परीक्षण

**दोहरीघाट, मऊ।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत दोहरीघाट डिपो परिसर में बुधवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इसमें परिवहन निगम के 50 बस चालकों और परिचालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्हें उचित परामर्श दिया गया। दोहरीघाट रोडवेज परिसर में लगे नेत्र शिविर कैंप का शुभारंभ सहायक क्षेत्रिय प्रबंधक एके मिश्रा ने किया। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा को लेकर रोडवेज परिसर में नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण का कैंप लगाया गया था। नेत्र चिकित्सक डा. गोवर्धन पांडेय, ड़ा अविनाश सिंह, सेराज अहमद, अनिल गुप्ता, रूपेश विश्वकर्मा और आकाश की टीम ने बस चालकों और परिचालक का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान जिन चालकों ने मोतियाबिंद या कम दिखाई देने की समस्या बताई गई। उन्हें उचित परामर्श भी दिया गया। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एके मिश्रा ने कहा कि चालक और परिचालक बसों में सैकड़ो यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाते हैं। इस लिए उन्हें यातायात नियमों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। इसलिए उन्हें जागरूक करते हुए उनकी आंखो की हर छह माह पर एक बार जांच कराई जाती है। इस दौरान केंद्र प्रभारी चंद्रकला शुक्ला, मनोज नायक, देवेंद्र सिंह, राहुल राय और सुनील सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।




### बाइक सवार को पीटा, केस दर्ज

**मधुबन, मऊ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरा कछार मे बीतें मंगलवार की देर शाम एक बाइक सवार को ग्रामीणों ने पीटा। घायल की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। हैबतपुर निवासी विवेक यादव पुत्र अवधेश यादव का आरोप है कि बीतें मंगलवार की देर शाम अपने बाइक से सुग्गीचौरी बाजार किसी कार्य से जा रहा है कि जैसे ही पिपरा कछार निवासी सुनील यादव पुत्र स्व. रमाकांत यादव के दरवाजे के सामने पहुंचा कि सुनील यादव अपने भाई राजकुमार यादव व लालू यादव पुत्र उपेन्द्र यादव के साथ मिलकर गाली गलौज के साथ मारपीट कर घायल कर दिया और प्रार्थी का मोबाइल भी तोड़ दिया। प्रार्थी के तहरीर पर पुलिस ने मेडिकल मुआयना करने के उपरांत तीनों आरोपियों के खिलाफ बुधवार की देर शाम संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### न्यायालय के आदेश पर कोटेदार के खिलाफ केस दर्ज

**मधुबन, मऊ।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार की देर शाम न्यायालय के आदेश पर सिंहासन गांव के कोटेदार के खिलाफ फर्जी तरीके से राशन कार्ड बनाकर राशन उतारने के मामले में कोटेदार समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिंहासन गांव निवासी संतोष पुत्र स्व. रामनाथ ने न्यायालय को अवगत कराया कि गांव के कोटेदार मोतिया देवी पत्नी स्व. मलख द्वारा अपने परिवार के सदस्यों का फर्जी तरीके से राशन कार्ड बनाकर राशन उतारने का कार्य किया जा रहा है। उनके परिवार के सदस्य यहां रहते भी नहीं है। वहीं न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने कोटेदार मोतिया देवी, कोटेदार के पुत्र पंकज व बहू अर्चना के खिलाफ मंगलवार की देर शाम संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### लखनऊ-छपरा वन्देभारत स्पेशल एक्सप्रेस का संचालन 25 से

**मऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों के मौसम में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए भीड़ को कम करने के लिए यात्रियों की मांग पर लखनऊ झ छपरा के मध्य एक जोड़ी वन्देभारत स्पेशल एक्सप्रेस वाया वाराणसी,सुरेमनपुर,बलिया एवं गाजीपुर सिटी चलाने का निर्णय लिया गया है। आरक्षित वन्देभारत स्पेशल एक्सप्रेस गाड़ी का संचलन लखनऊ तथा छपरा से 25 अक्टूबर से 08 नवम्बर,2024 तक 13 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। गाड़ी सं-02270 लखनऊ-छपरा वन्देभारत स्पेशल एक्सप्रेस गाड़ी 25, 26, 27, 28, 30, 31 अक्टूबर 01, 02, 03, 04, 06, 07, 08 नवम्बर,2024 तक लखनऊ से 14:15 बजे, प्रस्थान कर सुल्तानपुर से 16:05/16:07 बजे,वाराणसी जं से 18:20/18:25 बजे,गाजीपुर सिटी से 19:33/19:35 बजे,बलिया से 20:23/20:25 बजे,सुरेमनपुर से 20:55/20:57 बजे छपरा 21:30 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में गाड़ी सं-02269 छपरा-लखनऊ वन्देभारत स्पेशल एक्सप्रेस 25, 26, 27, 28, , 30, 31 अक्टूबर एवं 01, 02, 03, 04, 06, 07, 08 नवम्बर,2024 तक छपरा से 23:00 बजे प्रस्थान कर सुरेमनपुर से 23:35/23:37 बजे दूसरे दिन बलिया से 00:05/00:07 बजे,गाजीपुर सिटी से 00:59/01:01 बजे,वाराणसी जं 02:30/02:35 बजे सुल्तानपुर से 04:48/04:50 बजे छूटकर 06:30 बजे लखनऊ पहुँचेगी। इस आरक्षित गाड़ी की संरचना में 08 कोच की वन्देभारत रेक होगी।

# रेलवे का सराहनीय कार्य, ट्रेन में बच्चे को उपलब्ध कराया दूध

**मऊ।** मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री शेख रहमान के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे का वाराणसी मंडल अपने सम्मानित उपभोक्ताओं को दिन-प्रतिदिन बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इसके साथ ही मंडल के स्टेशनों अथवा ट्रेनों में यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाता है। स्टेशन अथवा यात्रा के दौरान रेल उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिये रेल प्रशासन के साथ-साथ रेल कर्मचारी भी सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे सहायता के लिये मुस्तैद रहते है।



वाराणसी मंडल पर ह्यरेल मददह्य ऐप, हेल्प लाइन नम्बर-139, एस.एम.एस एवं वेब के माध्यम से प्राप्त परिवादों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है।

इसी परिप्रेक्ष्य में बुधवार को शाम 17:57 बजे गाड़ी सं 12523 न्यू जलपाईगुड़ी -नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के बी 02 कोच में बर्थ सं 31 /32 पर कटिहार से लखनऊ की यात्रा कर रहे तबरेज खान एवं खुशबू परवीन द्वारा रेल मदद के माध्यम से अपने दो वर्षीय छोटे बच्चे को फिड कराने के लिए एक बोतल गर्म दूध उपलब्ध कराने की मांग किया । यह सूचना उक्त गाड़ी में कोई पैंट्री कार नहीं होने के करण गाड़ी के छपरा पहुंचने के पूर्व रेल मदद के माध्यम से वाराणसी मंडल के कमर्शियल कंट्रोल श्री दीपक कुमार मल्ल को मिली । श्री दीपक कुमार मल्ल ने छपरा रेलवे स्टेशन पर कार्यरत टिकट परीक्षक श्री रोहित कुमार को इस बाबत सूचित किया जिसके उपरांत रोहित कुमार ने समय से पहले दूध की व्यवस्था की और गाड़ी के छपरा पहुंचते ही यात्री तबरेज खान को गर्म दूध पहुंचाया। इस कार्य के लिये तबरेज खान एवं उनकी पत्नी खुसबू परवीन ने रेलवे द्वारा मदद की गुहार पर त्वरित कार्यवाही के लिए आभार प्रकट किया और रेल कर्मचारी को धन्यवाद किया।

## महिला के बाल व खोपड़ी मिलने से सनसनी

**इंदारा, मऊ।** कोपागंज थाना के इंदारा गांव स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पिछे इंदारा-जवाहर नवोदय विद्यालय मार्ग पर एक महिला के बाल, खोपड़ी व खुन से सनी बोरी मिलने से सनसनी मच गया। ग्रामीण ने इसकी सूचना पुलिस को दिया,मौके पर पहुंची कोपागंज पुलिस छानबीन में जुटी।इंदारा-जवाहर नवोदय विद्यालय मार्ग पर बुधवार की सुबह लगभग नौ बजे कुछ लड़के सड़क से जा रहे थे तभी अचानक सड़क के किनारे बदबूं हो रहा था तभी नजर एक खोपड़ी पर पड़ी जिसे देखकर वह अवाक हो गए। धीरे-धीरे यह खबर आग की तरह पुरे गांव में फैल गई, ग्रामीणों की भीड़ लग गई,ग्रामीणों की सुचना पर कोपागंज थानाध्यक्ष नवल किशोर सिंह अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। सड़क के किनारे एक खोपड़ी व नहर के किनारे महिला के लम्बे लम्बे बाल व एक बोरी व खून से लथपथ एक बोरी मिली। देखने में लग रहा था कि बोरी में किसी महिला का सिर कटा शव बांधकर कोई नहर में फेंक दिया हो। जिसे कोई जानवर नहर से खिंचकर बाहर निकाला हो।वहा तेज दुर्गंध भी हो रहा था। मौके पर पहुंची फारेसिगं टीम खोपड़ी, बाल व एक प्लास्टिक की बोरी रस्सी को कब्जे में लेकर जांच मे जुटी।



राहगीरों के अनुसार पिछले 8-10 दिन से सड़क के किनारे बदबू आ रही थी। लोगों ने सोचा की लग रहा है कोई जानवर मरा होगा। इस सन्दर्भ में थानाध्यक्ष कोपागंज नवल किशोर सिंह ने बताया कि खोपड़ी देखने में 20 से 25 दिन की लग रही है प्रथम द्दष्टया यह प्रतीत हो रहा है कि नहर में बह कर कही से बोरी में खोपड़ी व बाल आया है जांच के लिए भेज दिया गया है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक

## महिला सब इंस्पेक्टर अंशी शुक्ला ने छात्राओं को दी सुरक्षा टिप्स

**दोहरीघाट, मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के आदेश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक दोहरीघाट प्रमेंद्र सिंह के निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए मिशन शक्ति अभियान पांच के अंतर्गत बुधवार को रेश्मी डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्राओं को सब इंस्पेक्टर अंशी शुक्ला के द्वारा जागरूक किया गया। वहीं अंशी शुक्ला ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया से परेशान करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल 1090 व 112 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दे सकती हैं। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। थाने पर महिला हेल्पलाइन बनाया गया है, जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। वहीं अंशी शुक्ला ने बताया की छात्राओं को साइबर क्राइम, व्हाट्सएप वॉइस कॉल, ओटीपी, एटीएम कार्ड फ्रॉड, फेसबुक आईडी आदि को गोपनीय रखें। आवश्यकता पढ़ने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930, 112, को सूचित करें। जरूरत पड़ने पर साइबर क्राइम वेबसाइट का उपयोग करें। वहीं उन्होंने साइबर क्राइम वेबसाइट की उपयोगिता के बारे में समझाया व छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने के लिए कई दिशा निर्देश दिए जिसमे किसी अपरिचित के नंबर/व्हाट्स एप वाइस/वीडियो कॉल न उठाना, पासवर्ड को प्राइवेट रखने, ओटीपी किसी अजनबी को ना बताना, अनजान व्यक्ति/नंबर से फोन आता है तो उसकी जांच करें हो सके तो उसे ना उठाना। जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे तब तक साइबर क्राइम अपराधी अपराध करते रहेंगे। युवा वर्ग को जागरूक होना पड़ेगा तभी साइबर क्राइम से लोग बच पाएंगे।



# पुलिस ने वृद्ध महिला से दिनदहाड़े लूट करने के आरोपी को धर दबोचा

## कब्जे से सोने की चेन व बाइक बरामद

**घोसी, मऊ।** घोसी कोतवाली पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के नदवासराय जाने वाले रास्ते पर फोरलेन ओवरब्रिज के पास से वृद्ध महिला के घर पर चढ़ सोने की चेन लूट करने के मामले में घटना में शामिल एक आरोपी को धर दबोचा। जब वह कही भागने की फिराक में था। पुलिस ने कब्जे से पीली धातु की चेन व एक बुलेट बरामद किया है।जबकि घटना में शामिल एक आरोपी अभी फरार है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी राजू को जेल भेज दिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजू साहनी पुत्र बिहारी साहनी निवासी कूड़ा घाट पारा थाना कोपागंज बताया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी राजू की निशानदेही पर घटना में शामिल आरोपी राकेश राजभर पुत्र स्व जगरनाथ राजभर निवासी कोडरा थाना कोपागंज के घर से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक बरामद किया है। दरअसल बीते एक अक्टूबर को रघौली से करीब एक किलोमीटर दूर दिनदहाड़े घोसी रोड़ पर एकांत घर देख दोनो आरोपियों ने घर पर रह रही अकेली वृद्ध महिला से पानी मांगा व आँवला का पत्ती तोड़ने के बहाने पॉलीथिन माँगा। उसी दौरान आरोपियों ने वृद्ध महिला को घायल कर गले से सोने की चेन व कान का टप्स लूटकर फरार हो गए थे। जिसे लेकर वृद्ध महिला के पुत्र अधिवक्ता रमेश चंद यादव ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। घोसी कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह मय पुलिस फोर्स उपनिरीक्षक कमलाकांत वर्मा, उपनिरीक्षक रामअवध, हेडकांस्टेबल सन्तोष यादव, अवनीश यादव, मनोज रावत, नरेंद्र निषाद त्योहारों को ले क्षेत्र में पंडाल भ्रमण के दौरान सफलता हासिल किया है।



# आकांक्षा बनी एक दिन के लिए जिले की सांकेतिक डीएम

## पीड़ित महिलाओं व फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारी को निस्तारण का दिया उन्होंने निर्देश

**भदोही।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बुधवार को डीएम द्वारा हाईस्कूल में प्रदेश में 10वी रैंक टॉपर आकांक्षा निवासी बयावं ज्ञानपुर को एक दिन का ह्यसांकेतिक जिलाधिकारी नियुक्त करते हुए बुके व उपहार देकर सम्मानित किया गया। डीएम की कुर्सी पर बैठने के पश्चात टॉपर आकांक्षा ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए डीएम के पद एवं दायित्वों के निर्वहन की सीख ली।

इस दौरान अफसर बनी छात्रा ने फरियादियों की शिकायतों को सुना एवं शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। सांकेतिक रुप से एक दिन की डीएम आकांक्षा ने कहा कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी करके आईएएस बनना चाहती है। प्रतीकात्मक डीएम आकांक्षा ने अपने मनोविचार साझा करते हुए कहा कि डीएम की कुर्सी पर बैठकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। इस दौरान टॉपर छात्रा ने बताया कि मैं भी बड़ी होकर डीएम बनना चाहती हूं। मैं अपनी बहनों से अपेक्षा करती हूं कि वह भी पढ़ लिखकर अच्छे पदों पर आसीन होकर समाज, देश व महिलाओं और बच्चों की सेवा करें, जिससे हमारा देश आत्मनिर्भर बन सकें। डीएम विशाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में हाईस्कूल की टॉपर बालिका को एक दिन का सांकेतिक डीएम बनाया गया। डीएम ने कहा कि मेधावी छात्राओं को एक दिन का डीएम बनाकर यह एहसास दिलाया जा रहा है कि यदि आप मेहनत करेंगे तो ऊंचे से ऊंचे पदों पर पहुंचकर देश एवं प्रदेश के योगदान में बड़ी से बड़ी भूमिका को निभा सकते हैं।

इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व कुंवर वीरेंद्र मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान ,जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार व अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।




# झोलाछाप को सीधा जेल, क्लीनिक सील करें सीएमओ: योगी आदित्यनाथ

**छनेरा।** उत्तर प्रदेश में फैले झोलाछाप डॉक्टरो के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ मुख्य स्वास्थ्य सचिव को आदेश दिए। प्रदेश में अवैध झोलाछाप डाक्टर और मेडिकल पैथोलॉजी लैब तथा अल्ट्रासाउंड सेंटर का बहुत बड़ा नेटवर्क फैला हुआ है` अवैध डाक्टर मासूम गरीब जनता का बिना डिग्री के इलाज कर रहे हैं। जिस से कभी उनकी जान पर बन जाती है`गरीब जनता को गलत दवाई देकर वह उनके लीवर किडनी भी डैमेज कर रहे है।

वैसे भी मौसमी बीमारियों का समय चल रहा है। और लोग इस समय ज्यादा परेशान है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों और सीएमओ व उपजिलाधिकारी को आदेश देते हुए कहा कि प्रदेश में एक भी झोलाछाप डॉक्टर तथा अवैध पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर नहीं रहना चाहिए। प्रदेश में बड़े स्तर पर व्यापक रूप से अभियान चलाकर अवैध क्लिनिक तथा अवैध पैथोलॉजी और अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील किया जाएं व अवैध डाक्टरों को सीधा जेल में पहुंचाए जाए। अभियान दिन ही नहीं रात में भी बड़े स्तर पर चलाया जाए। अक्टूबर और नवंबर के महीने में व्यापक तौर पर अभियान में तेजी दिखाई जाए।



# रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन के चपेट में आने से व्यक्ति की दर्दनाक मौत,शव को लिया कब्जे में

**(सेवराई) गाजीपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय दानापुर रेलखंड के भदौरा रेलवे स्टेशन पर उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के पास मिले मोबाइल के आधार पर उसकी पहचान गहमर के पकड़ीतर निवासी कमलेश उपाध्याय 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय शिव मूरत उपाध्याय के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के पारिवारिक जनों में कोहराम मच गया वहीं गांव के लोगों ने घटना को लेकर शोक संवेदना व्यक्त की है।

पारिवारिजनों की माने तो मृतक कमलेश उपाध्याय मां के दवा के लिए वाराणसी जा रहे थे। कमलेश का एक भाई विदेश में रहकर प्राइवेट जॉब करते हैं जबकि चार बहने भी हैं। पिता पूर्व फौजी रह चुके है। मां की तबीयत खराब होने के कारण यह प्रायः उनके दवा इलाज के लिए वाराणसी जाते रहते थे। बुधवार की सुबह घर से वाराणसी जाने के लिए निकले थे कि भदौरा रेलवे स्टेशन के समीप अपलाइन पर रेलवे ट्रैक पार करते समय अपलाइन से गुजर रही पंजाब मेल की चपेट में आ गए जिससे इनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



आसपास मौजूद अन्य लोगों के द्वारा घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी गई स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना रेल अधिकारियों एवं कंट्रोल को दी मौके पर पहुंचे जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर लोगों में तरह-तरह की चचाएँ व्याप्त हैं।

इस संदर्भ में जीआरपी चौकी इंचार्ज रावेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि भदौरा रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति के रन ओवर की सूचना मिली है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा

# किसान नेता के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने एसडीएम को सौंपा पत्रक

## जमानिया विधान सभा में क्राप कटिंग करने की मांग की, कहा कि किसानो के मुख्य आय का स्रोत व उनकी आजीविका धान एवं गेहू की खेती है

***मंडी निरीक्षक दिलदारनगर पर आरोप लगाते हुए कहा उक्त धान निरीक्षक द्वारा बिचौलियों से कमीशन हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ले लिया जाता है,मनमाने तरीके से केंद्र का संचालन किया जाता है**

**(सेवराई)गाजीपुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर किसान नेता भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने उप जिलाधिकारी को पत्रक सौंपते हुए जमानिया विधानसभा में क्रॉप कटिंग की मांग की है। बताया कि क्षेत्र को धान का कटोरा कहा जाता है जहां प्रति बीघा करीब 20 कुंतल की औसत पैदावार होती है। जबकि सरकार के द्वारा 10 बीघा प्रति कुंतल के हिसाब से खरीदारी का मानक तय किया गया है। जिसे मजबूरी बस किसान अपनी फसलों को औने पौने दाम पर बिचौलियों को बेचने पर विवश होंगे। किसान नेता ने एक सप्ताह का समय देते हुए प्रदर्शन की चेतावनी दी है बताया कि अगर एक सप्ताह के भीतर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो हम प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे जिसकी समस्या जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



इससे पूर्व भी किसानों के द्वारा शासन के मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत धान बेचने में आ रहे गंभीर समस्याओं के सम्बन्ध में दिए गए पत्रक पर अभी तक कोई उचित कार्यवाही ना होने से किसानों में आक्रोश है। एसडीएम को दिए गए पत्रक में बताया कि किसानो के मुख्य आय का स्रोत व उनकी आजीविका धान एवं गेहू की खेती है। हर वर्ष खेतों में खड़ी धान की फसल की कटाई करके जो उत्पादन हुआ है उसकी वास्तविक रपोर्ट जिलाधिकारी महोदया गाजीपुर के द्वारा शासन को भेजी जाती है।

परन्तु जिला मुख्यालय के समीप बहुत कम धान उपजाऊ खेत की कटाई करके बहुत कम उत्पादकता की रिपोर्ट शासन को भेज दी जाती है।

जिसके कारण धान का कटोरा कहे जाने वाले तहसील जमानिया व सेवराई जहा के खेत अधिक धान उपजाऊ है, जिसकी औसत उत्पादकता 20 कुंतल प्रति बीघे है। किसानो का अपने खेत में पैदा हुए वास्तविक मात्रा के धान को सम्पूर्ण शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने में असमर्थ हो जाते है। तहसील क्षेत्र के किसी खेत में खड़ी फसल की कटाई करके वास्तविक उत्पादन की रिपोर्ट शासन को प्रेषित करने के सम्बन्ध में पूर्व में भी पत्रक के माध्यम से अवगत कराया गया है परन्तु अभी तक कोई लिखित संतोष जनक उत्तर नहीं मिला, जिसके कारण किसानो में भयंकर रोष व्याप्त है।

देवल में द्वितीय व ग्रामसभा चित्रकोनी में गत वर्ष की भाति क्रय केंद्र खोलने हेतु भी कोई लिखित आश्वासन अभी तक किसानो को नहीं प्राप्त हुआ। किसान होने वाले आर्थिक शोषण को लेकर भयंकर चिंतित है। वही आरोप लगाते हुए बताया कि मंडी परिसर दिलदारनगर में मंडी निरीक्षक धनन्जय शर्मा द्वारा विगत पाच वर्षों से केंद्र का संचालन करवाया जा रहा है। जिसके कारण किसानो का भयंकर आर्थिक शोषण करते हुए तकनिकी बहाना बनाकर किसानों का धान लेने से मना कर दिया जाता है। थक हारकर किसान औने पौने दाम पर विचौलियों को धान बेच देते है।

उक्त धान निरीक्षक द्वारा बिचौलियों से कमीशन हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ले लिया जाता है। किसानों ने मांग करते हुए कहा कि समस्त किसानो को शासन के मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत धान बेचने में आ रहे गंभीर समस्याओ को जल्द जल्द उचित निस्तारण करने का कष्ट करे, अन्यथा किसान बाध्य होकर दशहरा पर्व के बाद भूख हड़ताल के लिए बाध्य होगे।

इस मौके पर भानू प्रताप सिंह, परमहंस सिंह, विहारी सिंह, संजीव सिंह, कबीर खान, अरविन्द सिंह, राजेश सिंह, अरुण शर्मा, पवन कुमार सिंह, नरेन्द्र कुमार सिंह, कृष्णा सिंह, संजय सिंह, किसान नेता निवासी सेवराई भानु प्रताप सिंह आदि सहित क्षेत्र के दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कामाख्या मंदिर का एसपी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**उजाला संचार गाजीपुर।** एसपी ईरज राजा ने नवरात्रि त्यौहार के दृष्टिगत गहमर थाना क्षेत्र स्थित मां कामाख्या धाम मन्दिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सुरक्षा में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी ईरज राजा ने मंदिर परिसर और आसपास की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया, जिससे श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने मंदिर में भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि श्रद्धालुओं को नवरात्र के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। प्रवेश और निकास मार्गों पर भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा प्रबंधन को और सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया जाए। एसपी ने कहा कि नवरात्र के पर्व पर कामांख्या मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, इसलिए इस निरीक्षण का उद्देश्य सुरक्षा प्रबंधों को सुनिश्चित करना और पर्व को शांति व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना है। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक गहमर सहित अन्य पुलिस बल साथ मौजूद थे।

### खुशी परवीन बनी एक दिन की प्रधानाचार्य



**उजाला संचार, कुनडेसर, गाजीपुर।** क्षेत्र के शेरपुर खुर्द स्थित किसान पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 7 की छात्रा खुशी परवीन को एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया गया। एक दिन के कार्यभार में छात्रा ने स्कूल की कार्यप्रणाली को चेक किया। कहा कि बेटिया अब किसी से कम नही है। मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के अंतर्गत बुधवार को कार्यभार संभालने के बाद छात्रा ने स्कूल के कक्षाओ को भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्रा ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ अनुशासन व कैरियर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि मेहनत करने से हर चीज मुमकिन है। इसलिये सभी अच्छे से मेहनत करे और आगे बढ़े। इस दौरान प्रधानाचार्य दयाशंकर राय, शिक्षक हरेंद्र यादव, अंशु राय, सुशील कुमार, लल्लन यादव, आयुषी राय, जनमेजय वर्मा, सुरेश राय ,सुधा शुक्ला, नसीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

### लड़कियों के फर्जी नाम व फोटो का इस्तेमाल करके सोशल साइट्स आईडी बनाकर ठगी करने वाले 05 शातिर अभियुक्त व 01 अभियुक्ता गिरफ्तार

#### कब्जे से 11 मोबाइल फोन, वाहन व नकदी बरामद

**उजाला संचार, जौनपुर।** डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल



पर्यवेक्षण में थाना मुंगरा बादशाहपुर व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुंगराबादशाहपुर जंघई रोड पर ब्लाक के पास से 05 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ से ज्ञात हुआ कि ये सभी रुपये कमाने के उद्देश्य से राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ आदि जगहो से फर्जी सिम प्राप्त कर लेते है और इन्ही नम्बरो से लडकियों के फर्जी नाम व फोटो का इस्तेमाल करके फेसबुक, इन्स्टाग्राम, व्हाट्सएप आईडी बनायी जाती है। फर्जी आईडी से नव युवको को अपने जाल में फँसाकर ठगी करते है। फर्जी आईडी से लोगो को फ्रेन्ड रिक्वेस्ट भेजा जाता है, फ्रैन्ड रिक्वेस्ट स्वीकार होने पर या मैसेज प्राप्त होने पर इनके द्वारा मैसेज/काल के माध्यम से लडकियों से सम्बन्ध बनाने व विडीयो काल के लिये मनपसंद लडकियों की फोटो व सम्पर्क हेतु वाट्सएप्प नम्बर भेजते है। वाट्सएप्प नम्बरो पर इनके द्वारा लोगों को उनकी लोकेशन व लडकियों की प्राइवेट अश्लील तस्वीरे व वीडियो भेजकर ब्लैकमेल कर ठगी की जाती है। उक्त सभी को अपराध का बोध कराते हुए आज दिनांक 10.10.2024 समय करीब 09.50 बजे मुंगरा बादशाहपुर ब्लाक के पास जंघई रोड ग्राम धौरहरा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों के विरुद्ध मु0अ0स0-353/24 धारा-319(2), 318(4), 336(3), 111, 351(4) बीएनएस व 66घ, 67, 67ए, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

नाम पता अभियुक्तगण-

1.रिशान्त मिश्रा पुत्र बिरेन्द्र कुमार मिश्रा निवासी ग्राम पतईया थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज।

2.वेद प्रकाश पाण्डेय पुत्र फूलचन्द पाण्डेय निवासी ग्राम अरका फतेहपुर थाना करारी जनपद कौशाम्बी।

3.विशेष जायसवाल पुत्र रजनीश जायसवाल निवासी ग्राम देवरी थाना हलिया जनपद मीरजापुर।

4.सौरभ यादव पुत्र सुरेश चन्द्र यादव नि0 बाघम्बरी गद्दी दारागंज थाना जार्ज टाउन जनपद प्रयागराज।

5.प्रिंस तिवारी पुत्र स्व0 भरतलाल तिवारी निवासी ग्राम छदान थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर।

6.लाइवा अंसारी पुत्री सन्नी अंसारी नि0 राजेन्द्र नगर नयापुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद मीरजापुर।

# वीएमपीएम ने किया घोषणा आगामी वर्ष में होगा काशी विश्वनाथ दल के लिए धर्मशाला का निर्माण

**उजाला संचार**

**रोहित सेठ, वाराणसी।** गरीबों का घर सपनों का घर स्लोगन पर आज कैंट विधानसभा क्षेत्र ज्ञान प्रभा श्रृंगार वाटिका पर में आयोजित अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि पूजा यादव पूर्व प्रत्याशी कैंट विधानसभा समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता ने कहा आज इस अधिवेशन गरीबों के सपनो को साकार रूप देने के लिए जो दृढ़ संकल्प लिया गया वह सराहनीय है और संस्था ने जो काशी विश्वनाथ दल के लिए आगामी वर्ष में धर्मशाला गरीबों के लिए बनाने का घोषणा किया है जो की सर्व समाज के लिए होगा यह कार्य सराहनीय और प्रशंसनीय है, मुख्य अतिथि द्वारा आज संस्था के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया इस मौके पर



सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

काशी विश्वनाथ दल राष्ट्रीय अध्यक्ष जंत्रलेश्वर यादव ने कहा कि खुदी को कर इतना बुलंद की ऊपर वाला पूछे बता तेरी क्या ख्वाइश है यादव ने विशाल पांडे के सराहनीय कार्य को प्रणाम करते हुए कहा कि पांडे जी ने काशी विश्वनाथ दल के लिए धर्मशाला का निर्माण करने का जो घोसणा किया उससे सर्व समाज को लाम होगा यह धर्मशाला केवल एक समाज के लिए नही होगा सर्व समाज के लिए होगा ,काशी विश्वनाथ दल हमेशा आपके कार्यों में सहयोग करेगा,संस्था के कुछ लोग वीएमपीएम से जुड़कर कार्य करेंगे जिनका उन्हें मासिक



वेतन दिया जाएगा। डाइस मुख्य अतिथि विशिष्ट स्थिति संचालन करता आयोजक मंडल संगीत सभा एवं उपस्थित सभागार में सभी भाइयों एवं बहनों का अभिनंदन किया गया ,,, मुख्य अतिथि पूजा यादव द्वारा पुष्पा सिंह एवम अजय तिवारी को अंगवस्त्र प्रदान कर अभिनंदन किया ।विशाल पांडे संस्था प्रोपराइटर द्वारा काशी विश्वनाथ दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जंत्रलेश्वर यादव को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया।

**वीएमपीएम एडवांस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड का मुख्य उद्देश्य**

हमारी संस्था द्वारा हर गरीबों को निशुल्क नक्शा डिजाइन दिया जाएगा जिससे सबका घर खूबसूरत बने। हम अपनी संस्था के माध्यम से लोगो के बीच में आर्किटेक्चरल फील्ड में आधुनिक तकनीकी गरीबों और गांव गांव में पहुंचाएंगे । हम अपनी संस्था के माध्यम से आगामी वर्ष में एक आश्रम देंगे हम अपनी संस्था द्वारा गरीबों को बहुत ही किफायती कीमत में आधुनिक मकान बनाकर देंगे हम अपनी संस्था द्वारा लोगो को वन प्लेस सर्विस देंगे जहा पर मकान के भूमि पूजन से गृह प्रवेश तक की सारी सर्विस उपलब्ध होगी। अधिवेशन में मुख्य रूप से मनीषा पांडे, भूपनारायण पांडेय, प्रेम पांडेय, भुवन पांडेय,विशाखा पांडेय, सिद्धेश्वर यादव उपस्थित रहे।

## नककट्टैया मेला एवं जूलूस के दौरान अराजक तत्वों के विरुद्ध लंका पुलिस ने की कार्यवाही

### हूड़दंग में शामिल 11 हुड़दंगियों का शान्ति भंग में हुआ चालान



**उजाला संचार**

**रोहित सेठ, वाराणसी।** पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नेरट वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं अपराधों में संलिप्त पाये जाने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही हेतु दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 08.10.2024 को लंका पुलिस द्वारा नककट्टैया मेला एवं जूलूस के दौरान अराजकता फैलाने वाले कुल 11 व्यक्तियों के विरुद्ध लंका पुलिस नें शान्ति भंग के दृष्टिगत अन्तर्गत धारा 170/126/135 बी0एन0 एस0एस0 निरोधात्मक कार्यवाही अमल में लायी गयी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शिवाकान्त मिश्र, प्रभारी निरीक्षक, उ0नि0 अभय गुप्ता, चौकी प्रभारी नगवा,उ0नि0 बलिराम यादव, उ0नि0 मनोज कुमार राजपूत, प्र0उ0नि0 दयाशंकर का0 गुलाबचन्द्र यादव, का0 महेश कुमार, का0 धर्मजीत, का0 ज्ञानेन्द्र चौधरी, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी शामिल रहे।

## मंदिरों से साई मूर्ति हटाना सनातन धर्म स्थलों की शुचिता के लिए शुभ संकेत: डॉक्टर गीता रानी

**उजाला संचार**

**रोहित सेठ, वाराणसी।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने वाराणसी के 14 मंदिरों से साई की मूर्ति हटाने का स्वागत करते हुए इस प्रक्रिया को सनातन धर्म की जागरूकता से जोड़ा। उन्होंने कहा कि मासाहारी साई कभी भी सनातन धर्म के मंदिरों में स्थापित होने के योग्य नहीं रहे और न ही वो कभी भगवान हो सकते हैं।

उन्होंने मंदिरों से साई मूर्ति हटाने की प्रक्रिया पर कहा कि यह सनातन धर्म स्थलों की शुचिता के लिए शुभ संकेत है।यह जानकारी आज जारी बयान में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने दी।

जारी बयान के अनुसार हिन्दू महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर गीता रानी ने कहा कि वेदों और शास्त्रों में कहीं भी साई की मूर्ति स्थापना और पूजा करने का उल्लेख नहीं है। मंदिरों में साई की मूर्ति स्थापना जेहाद का एक षड्यंत्र था, जिसे अब सनातनी समाज समझने लगा है और अपने देवस्थलों से उनकी मूर्ति हटा कर



देवालयों की पवित्रता की रक्षा के लिए आगे आ रहा है। उन्होंने मंदिरों से साई की मूर्ति हटाने पर द्वेष फैलाने के छद्म आरोप में अयोध्या में अजय और लखनऊ में अधिवक्ता शिशिर चतुवेर्दी को गिरफ्तार किए जाने के प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ये गिरफ्तारियां हिंदुओं के हिंदुत्व के खिलाफ है। अपने देवालय की पवित्रता की रक्षा का प्रत्येक हिन्दू का अधिकार है और गिरफ्तारी के नाम पर किसी के लिए भी इसे रोक पाना संभव नहीं है।

डॉक्टर गीता रानी ने कहा कि हिन्दू महासभा को साई अथवा साई पूजकों से कोई विरोध नहीं है। यदि साई भक्त साई को पूजना चाहते हैं तो अलग से साई मंदिर बनाकर उनकी पूजा कर सकते हैं। हिन्दू महासभा का विरोध केवल सनातनी मंदिरों में साई की मूर्ति स्थापना से है, जो सनातन की धार्मिक आस्था के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि सनातन की दृष्टि में एक फकीर या संत हो सकते हैं लेकिन भगवान किसी भी कीमत पर नहीं हो सकते।

डॉक्टर गीता रानी ने कहा कि हिंदू महासभा देश के सभी देवालयों को साई मूर्ति मुक्त करवाने के लिए कृत संकल्प है और इस संकल्प को पूरा करना समग्र सनातन समाज का उत्तरदायित्व है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**उजाला संचार**

**मिर्जापुर।** थाना मड़िहान, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 02.10.2024 को एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की नाबालिग पुत्री को 04 माह पूर्व बहला फुसला के भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मड़िहान पर मु0अ0सं0-191/2024 धारा 363 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ह्लअभिनन्दनह्व द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही करते हुए क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थानाध्यक्ष मड़िहान को अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना मड़िहान पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए आज दिनांकः 10.10.2024 को उप-निरीक्षक श्यमा बदन यादव मय पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन व प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त परमहंस उर्फ पिन्टू पुत्र मुन्नी उर्फ रामआसरे निवासी शिष्टा कला थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर को अंतर्गत धारा 363,366,376(3) भादवि व ३(2) पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए



मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

**थाना मड़िहान पुलिस द्वारा दहेज हत्या के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्ता गिरफ्तार–**

थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 26.06.2024 को वादी विजय प्रकाश सिंह पुत्र स्व0 रघुनन्दन सिंह निवासी अकोढ़ी थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादी की पुत्री को दहेज की मांग को लेकर मारने पीटने, प्रताड़ित करने तथा हत्या के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर पर मु0अ0सं0-142/2024 धारा 498ए, 304बी,भादव व ३ डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई ।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ह्लअभिनन्दनह्व द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तार हेतु क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थानाध्यक्ष मड़िहान को निर्देश दिये गये । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 10.10.2024 को उप निरीक्षक सुनील कुमार मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्ता अंशु उर्फ प्रतिमा सिंह पुत्री श्रीनिवास सिंह निवासी पटेवर थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

**थाना हलिया पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ छेड़खानी व धमकी के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार**

थाना हलिया, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 09.10.2024 को एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी करने व धमकी देन के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हलिया पर मु0अ0सं0-123/2024 धारा 74,351(2) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ह्लअभिनन्दनह्व द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही करते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना हलिया को अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना हलिया पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए दिनांकः 10.10.2024 को उप निरीक्षक अरविन्द कुमार यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना हलिया क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त उमाशंकर धरकार पुत्र पन्नालाल धरकार उर्फ फौदार निवासी मवई कला थाना हलिया जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया। जनपद में कानून/शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में 16 व्यक्तियों का भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) अन्तर्गत धारा 170/126/135 में चालान किया गया।

जिनका थानावार संख्यात्मक विवरण निम्नांकित है – थाना विन्ध्याचल-01, थाना को0देहात-02, थाना पड़री-04, थाना लालगंज-03, थाना हलिया-01, थाना चुनार-04, थाना अहरौरा-01

## कमीशन घटाने के विरोध में अभिकर्ता हुए एकजुट

**उजाला संचार**

**रोहित सेठ, वाराणसी।** कमीशन घटाने के विरोध में अभिकर्ता हुए एकजुट भारतीय जीवन बीमा निगम प्रबन्धन द्वारा अधिकतर जुट विरोध 15/10/2024 तक प्रबन्धन लिए गये निर्णय को वापस नहीं लेता है तो होगा देशव्यापी आंदोलन ये कथन है आल इण्डिया लाइफ इन्श्योरेन्स एजेन्ट्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस०एल० ठाकुर का आप वाराणसी मण्डल कार्यालय उत्तर मध्य क्षेत्र के वाराणसी डिवीजनल कौंसिल के पदाधिकारी एवं सदस्यों को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय संगठन के निर्णय से उन्हें अवगत करा रहे थे। आपने कहा कि पालिसी किस्त को बढ़ाना, अभिकताओं के प्रथम वर्षीय कमीशन को कम करना, बीमाधन न्यूनतम एक लाख से दो लाख करने का प्रबन्धन का निर्णय संस्था, पालिसीधारक एवं अभिकर्ता हितों के विपरीत बताया। साथ ही आपने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम अपने स्थापना के समय के उद्देश्यों से भटक गया है। निगम का उद्देश्य था देश के सभी नागरिकों को बीमा रूपी सुरक्षा देना। आज प्रबन्धन के इस निर्णय से लगभग 70 प्रतिशत आबादी इन्श्योरेन्स से वंचित हो जाएगी जिसका सीधा विपरीत प्रभाव अभिकर्ता संस्था सहित भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। केन्द्रीय संगठन उक्त पड़ने वाले दूषित प्रभाव से अध्यक्ष भारतीय जीवन बीमा निगम, अध्यक्ष आई. आर.डी.ए. एवं भारत सरकार के वित्तमंत्री को अवगत करा दिया है। वाराणसी



डिवीजनल कौंसिल के अध्यक्ष कपिलदेव सिंह ने कहा कि वाराणसी डिवीजनल कौंसिल केन्द्रीय संगठन द्वारा लिए गये निर्णय का पालन करते हुए आन्दोलन में अग्रणीय भूमिका निभाएगी।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों में मुख्यतः आर. के. त्रिपाठी, राजकुमार सिंह,अरविन्द उपाध्याय, अब्दुल जब्बार, रामलखन, डा० छेदी लाल निराला, सुनील शर्मा, संजय कुमार शुक्ला, साहब लाल पटेल, राजेश कुमार सिंह, विनय शंकर सिंह सिंह अध्यक्ष कुमार सूर्या तारुण सिंह राजकुमार सेठ, लात बिहारी सिंह, रामदास समीर पासवान, राधा राजेश केसरी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# जम्मू-कश्मीर के चुनावी नतीजों के निहितार्थ

जम्मू और कश्मीर राज्य एवं राम मंदिर में क्या कोई समानता हो सकती है? मोटे तौर पर देखें तो इनमें कोई समानता नहीं हो सकती। लेकिन जब भारतीय जनता पार्टी के संदर्भ में दोनों को ही देखें तो समानता नजर आती है। राममंदिर और जम्मू-कश्मीर, भारतीय जनता पार्टी के कोर मुद्दे रहे हैं। लेकिन चुनावी मोर्चे पर दोनों ही मुद्दे कम से कम स्थानीय स्तर पर भाजपा को निराश ही करते रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 370 और कैबिनेट के प्रस्ताव 35 ए की वजह से जम्मू-कश्मीर की स्थिति देश के अन्य राज्यों से अलग रही है। यह अलग स्थिति ही वहां के अलगाववाद की नासूर का कारण मानी जाती रही है। भारतीय जनता पार्टी ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करके एक तरह से इस नासूर को ही खत्म कर दिया। ऐसे में इसका चुनावी श्रेय भारतीय जनता पार्टी को मिलने की उम्मीद होना स्वाभाविक है। लेकिन विधानसभा चुनाव नतीजों ने पार्टी को निराश ही किया है। यहां पर राममंदिर आंदोलन और उस बीच हुए उत्तर प्रदेश के चुनावों की याद आना स्वाभाविक है। छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद अव्वल तो होना चाहिए था कि आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को अपने दम पर भारी जीत मिलती। लेकिन 1993 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ा दल बनकर भले ही उभरी, लेकिन वह बहुमत से दूर रही। जनवरी 2024 में अयोध्या में भव्य राममंदिर बनकर तैयार हो गया। देश और दुनिया में राममंदिर को लेकर अलग तरह का उत्साह देखा गया। पांच सौ वर्षों के संघर्ष का अंत हुआ। इस संघर्ष की अगुआ भारतीय जनता पार्टी ही रही। इसलिए इस संघर्ष का उसे चुनावों में फायदा मिलना चाहिए था। लेकिन उलटबांसी देखिए कि कुछ ही महीनों बाद हुए लोकसभा चुनावों में अयोध्या वाली फैजाबाद सीट भारतीय जनता पार्टी हार गई। इस कड़ी में कोर मुद्दे से जुड़े इलाके जम्मू-कश्मीर में बीजेपी को चुनावी बढ़त ना मिलना, पार्टी के लिए तीसरा झटका कहा जा सकता है। जम्मू-कश्मीर में जिस नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है, उसका चुनावी वादा है कि राज्य की पुरानी स्थिति बहाल करेंगे यानी अनुच्छेद 370 को फिर से प्रभावी बनाएंगे। यह बात और है कि इस महत्वपूर्ण अनुच्छेद की बहाली जम्मू-कश्मीर की आधी-अधूरी विधानसभा के वश की बात नहीं है। लेकिन इस जीत के जरिए नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस नैतिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाने की कोशिश तो जरूर ही करेंगी। इसका उसे राष्ट्रीय फायदा भले ही न मिले,लेकिन केंद्रीय सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परेशानी खड़ी करने का जरिया वे बनाते रहेंगे। वैसे भी भारत की राजनीति आज जिस मुकाम पर है, उसमें राजनीतिक दलों को सिर्फ अपने सियासी स्वार्थ और फायदे की चिंता है। उनकी प्राथमिकता में राष्ट्र बाद में आता है। इसलिए अंदरूनी मुद्दों को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उछालने में दलों को कोई हिचक नहीं होती। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के लंदन और अमेरिका के भाषण इसके उदाहरण हैं।

> **जम्मू-कश्मीर में जिस नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है, उसका चुनावी वादा है कि राज्य की पुरानी स्थिति बहाल करेंगे यानी अनुच्छेद 370 को फिर से प्रभावी बनाएंगे। यह बात और है कि इस महत्वपूर्ण अनुच्छेद की बहाली जम्मू-कश्मीर की आधी-अधूरी विधानसभा के वश की बात नहीं है**

## विचार

# यूपीआईटीएस जैसे आयोजनों से यूपी की बन रही नई पहचान

पिछली सदी के अस्सी के दशक में जिस उत्तर प्रदेश को बीमारू कहकर उपहास उड़ाया जाता था, उसी यूपी में यूपीआईटीएस का भव्य आयोजन होना मामूली बात नहीं है। राज्य के तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा शहर में 25 से 29 सितंबर तक चले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में देशभर की बड़ी कंपनियों का जुटान यह बताने के लिए काफी है कि राज्य में निवेश और कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ रहा है। चार दिनों तक चले यूपीआईटीएस का आयोजन 15 हॉल में किया गया था। वैसे तो अपने आप में सभी हॉल यूपी में आ रहे बदलाव और उसमें कारोबार और निवेश की दुनिया के दिग्गजों की दिलचस्पी की कहानी कह रहे थे। लेकिन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है, यूपी इन्वेस्ट का हॉल, जिसमें देश के तकरीबन सभी अहम क्षेत्रों की कंपनियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। जिनमें देश की अग्रणी अडानी, अंबानी, रिलायंस, लुलु हाइपर मार्केट, वाइब्स जैसी कंपनियां शामिल रहीं। इस आयोजन में एक पूरा और एक्स्क्लूसिव हॉल इलेक्ट्रॉनिक्स का रहा, जिनमें देश के 100 से अधिक स्टार्टअप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए और लोगों को अपनी तरक्की से प्रभावित किया। साल 2018 में राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने स्थानीय उत्पादों को बाजार और पहचान मुहैया कराने के लिए एक जिला, एक उत्पाद नाम से योजना शुरू की थी। जिसे संक्षेप में ओडीओपी के नाम से जाना जाता है। यूपीआईटीएस के इस आयोजन में ओडीओपी के लिए भी अलग से हॉल तैयार था, जिसमें राज्य के सभी 75 जिलों के 325 उत्पादक अपने स्थानीय विशेष उत्पादों के साथ मौजूद रहे। गौर करने की बात यह है कि इनमें काफी संख्या महिलाओं की रही। इस योजना के जरिए अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे कुछ दिव्यांग कारोबारी भी इसमें शामिल थे। इस आयोजन में पशुधन विकास, दुग्ध उद्योग, मत्स्य पालन, कृषि उत्पाद और खाद्य संरक्षण की भी कंपनियां शामिल रहीं और अपने उत्पादों को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। इस आयोजन में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र फूड प्रोसेसिंग वाला हॉल रहा, जहां उत्तर प्रदेश के स्थानीय खाद्य उत्पादों और व्यंजनों को बतौर नमूने प्रस्तुत किया गया। लोगों ने उनके स्वाद का भरपूर लुत्फ उठाया और उनकी खरीददारी भी की। इस आयोजन का 14 और 15 नंबर का हॉल निर्यातकों के लिए विशेष तौर पर आरक्षित था। जिसमें उत्तर प्रदेश के करीब सभी निर्यात होने वाले उत्पाद प्रदर्शित किए गए। ये हॉल विदेशी ग्राहकों को सबसे ज्यादा लुभाते दिखे। यहां जमकर खरीददारी भी हुई और ऑर्डर भी मिले। यहां यह भी बताना जरूरी है कि इसे देखने के लिए दुनियाभर से करीब 400 लोगों को आमंत्रित किया गया था। हालांकि कुछ विदेशी ग्राहक ऐसे भी थे, जो खुद यहां पहुंचे। विदेशी ग्राहकों और कंपनियों को यहां राज्य के उत्पादकों और निर्यातको को कारोबारी बैठक के लिए सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। जिसका राज्य को फायदा भी हुआ और करोड़ों रुपए के ऑर्डर भी मिले। ऊर्जा, नवीकरण ऊर्जा, और रक्षा उत्पाद को भी इस हॉल में प्रदर्शित किया गया था। इस आयोजन में शिक्षा से जुड़ी तमाम संस्थाएं जिनमें कुछ बड़े विश्वविद्यालय भी शामिल थे, ने युवाओं को अपनी सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी। पांच दिनों तक चले इस आयोजन में पांच सत्रों का आयोजन किया गया, जो ई कॉमर्स ट्रेंड्स और अवसर, नवाचार और स्टार्टअप्स, देश की निर्यात क्षमता, आदि पर आधारित थे। इस आयोजन में रोजाना शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी प्रस्तुत किया गया। पांच दिनों के इस आयोजन में यहां आए लोगों को जौनपुर और लखनऊ के टुंडे कबाब, बलिया का लिट्टी-चोखा, कानपुर की चाट, खुर्जा की खुरचन, आगरा का पंछी पेठा, मथुरा का पेड़ा और बनारस का पान आदि राज्य के खांटी देसज व्यंजनों का स्वाद भी चखने को मिला। इस आयोजन की उपलब्धि ही कही जाएगी कि आयोजन के चौथे दिन उद्यमियों को अमेरिका, फ्रांस और जापानी कंपनियों से 100 करोड़ रुपए से अधिक के ऑर्डर प्राप्त हुए।

# हिंसा से नहीं विकास से होगा नक्सलवाद का खात्मा

> **अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं। सुरक्षा बलों की संख्या और मजबूती के सामने नक्सली कहीं नहीं टिक सकते। यह जानते हुए भी नक्सलवाद एक हारी हुई लड़ाई है, गुमराह नक्सली जान देने पर आमदा हैं**



लोकतंत्र का रास्ता छोड़ कर हथियारों के बल पर क्रांति लाने का ख्वाब पाले नक्सलियों को इसकी कीमत अपने खून से लगातार चुकानी पड़ रही है। हथियारों के बल पर हिंसा के जरिए दहशत फैलाने वाले नक्सलियों को यह समझ में नहीं आया कि क्रांति वहां होती है, जहां राजशाही या तानाशाही का शासन हो। लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीकों से अपनी मांग मनवाई जा सकती है। इसका सीधा रास्ता है चुनाव की प्रक्रिया के जरिए अपने मनपसंद प्रतिनिधियों को चुनना और कानून बनवाना। इसके विपरीत हथियारों के बलबूते हिंसा के रास्ते पर चलने का नतीजा खून-खराबे के अतिरिक्त कुछ नहीं हो सकता। नक्सली प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की लगातार कसती जा रही घेराबंदी में बड़ी तादाद में युवा नक्सलियों की जान जा रही है। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा के पास सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के साथ जंगल में हुई मुठभेड़ में 32 माओवादियों को मौत के घाट उतार दिया।

अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं। सुरक्षा बलों की संख्या और मजबूती के सामने नक्सली कहीं नहीं टिक सकते। यह जानते हुए भी नक्सलवाद एक हारी हुई लड़ाई है, गुमराह नक्सली जान देने पर आमदा हैं। इससे ज्यादा अफसोसजनक बात क्या हो सकती है, बदलाव के लिए जिन युवाओं के हाथों में कलम, कम्प्यूटर या ऐसे ही समाज और राष्ट्रनिर्माण के उपकरण हो सकते हैं, उनके हाथों में हथियार हैं। इसमें भी उन्हें कहीं चैन-सुकून नहीं है। पुलिस की गोली जंगलों में कब उनका काम तमाम कर दे, इसका डर उन्हें दिन-रात सताता रहता है। परिवार और समाज से दूर यायावरों की तरह जंगलों में भटकने वाले नक्सलियों पर हर वक्त मौत का साया मंडराता रहता है।

देश की आजादी को 75 साल से ज्यादा हो गए। देश में बदलाव लाने के लिए नक्सलियों के हिंसात्मक आंदोलन को भी 6 दशक से ज्यादा का समय हो गया। नक्सलियों का दायरा लगातार सिकुड़ता जा रहा है। कभी आठ-दस राज्यों में प्रभाव रखने वाले नक्सलियों का दायरा सिमटता हुआ दो-तीन राज्यों में रह गया। देश की पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त और सशक्त कार्रवाई के सामने नक्सली बौने साबित हुए हैं। इस वर्ष अब तक दंतेवाड़ा और नारायणपुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 171 माओवादियों को मार गिराया है। नक्सलवाद की शुरूआत पश्चिम बंगाल के एक छोटे से गांव नक्सलबाड़ी से हुई थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कानू सान्याल और चारू माजूमदार ने सरकार के खिलाफ 1967 में एक मुहिम छेड़ी थी। देखते ही देखते ये एक आंदोलन बन गया और चिंगारी फैलने लगी। इस आंदोलन से जुड़े लोगों ने खुद सरकार के खिलाफ हथियार उठा लिए। सरकार के खिलाफ ये विद्रोह उन किसानों का था, जो जमींदारों के अत्याचार से परेशान हो चुके थे। इसमें कोई संदेह नहीं कि जंगलों में पैतृक अधिकारों से वंचित आदिवासियों ने सरकारी तंत्र के जुल्म-सितम से तंग आकर कोई विकल्प नहीं देख कर नक्सली विचारधारा का दामन थामा।

राज्यों की सरकार ने दशकों तक इन इलाकों में विकास को तरजीह नहीं दी। इससे नक्सलियों के कुप्रचार का रास्ता और भी आसान हो गया। यही वजह रही कि पश्चिमी बंगाल से शुरू हुआ नक्सलवाद सीमावर्ती राज्यों में फैलता चला गया। बीते दशकों के दौरान नक्सलियों और सुरक्षाबलों को भारी जनहानि उठानी पड़ी। नक्सलियों के प्रभाव वाले क्षेत्रों में विकास कार्य ठप्प पड़ गए। इसका फायदा उठा कर कट्टर नक्सलियों को युवाओं को बहकाने का मौका मिल गया। नक्सलवाद की समस्या से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों ने दो स्तरीय नीति बनाई। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के राहत पैकेज और हिंसा करने वालों के प्रति सख्ती की नीति अपनाई। इसी के तहत राज्यों में आत्मसर्पण करने वाले नक्सलियों को अनुग्रह राशि देने का प्रावधान किया गया। इनके पुनर्वास की योजना को मंजूरी दी गई। विवाह करने के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया ताकि युवा हिंसा का रास्ता छोड़ कर परिवार-समाज के साथ सामान्य जीवन बिता सकें। इसके अलावा केंद्र और राज्य संयुक्त तौर पर नक्सलियों से निपटने की रणनीति पर लगातार कार्यरत हैं। नक्सलियों के राहत पैकेज की रफ्तार बेशक धीमी हों, किन्तु इसका फायदा उठा कर अब तक बड़ी संख्या में युवा हथियार छोड़ कर सामान्य जीवन व्यतीत करने में सफल रहे हैं।

नक्सलियों पर सुरक्षा बलों पर दवाब के साथ जरूरत इस बात की है कि विकास की रफ्तार तेज की जाए। नक्सलवाद के जड़ सहित खात्मे के लिए दवाब और विकास की रणनीति जरूरी है। सच्चाई यह भी है कि नक्सल प्रभावित राज्यों में जिस तेजी से विकास होना चाहिए था, वह ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ है। नक्सल प्रभावित इलाके आज भी पानी, बिजली, स्कूल-अस्पताल और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से जूझ रहें है। पिछड़ेपन के ऐसे हालत नक्सलवाद के कुप्रचार का रास्ता आसान बनाते हैं। दशकों तक राज्यों में नक्सली हिंसा की मूल वजह भी विकास में पिछड़ापन रही है। इसके अलावा सरकारी स्तर पर भ्रष्टाचार और लालफीताशाही ने नक्सलवाद की आग में घी का काम किया है। ऐसे हालात ने नक्सली विचारधारा को पनपने और फलने-फूलने के लिए वातावरण तैयार किया है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि विकास का आकर्षण नक्सलियों को हथियार डालने के लिए प्रेरित करेगा। देश के अन्य हिस्सों की तरह दुगर्म नक्सली इलाकों में विकास की रफ्तार तेज करनी होगी। नक्सली क्षेत्रों में समर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए पैकेज को प्रचार माध्यमों के जरिए प्रभावी बनाना होगा। राहत पुनर्वास पैकेज की जानकारी नही होना भी नक्सलियों के मुख्यधारा में शामिल नहीं होने में प्रमुख बाधा बनी हुई है। इन बाधाओं को हटा कर ही देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में अमन-चैन कायम किया जा सकता है।

# हरियाणा में भाजपा की जीत से ज्यादा कांग्रेस की हार और तीसरे-चौथे मोर्चे के जार-जार होने की छिड़ी हुई है चर्चा

हरियाणा की चुनावी परीक्षा में बीजेपी जहां 48 सीटें जीतकर पास हो गई, वहीं कांग्रेस को उम्मीदों से कम सीटें महज 37 मिलीं। वहीं, इंडियन नेशनल लोक दल को मात्र 2 सीटें मिलीं, जबकि 3 सीटें निर्दलीय प्रत्याशी जीत ले गए।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सूबे में सत्ताधारी पार्टियों के बी टीम के रूप में काम कर रहीं आम आदमी पार्टी, जननायक जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी आदि को बेहद खराब अंक मिले। हां, इन्होंने राज्य में कांग्रेस के बढ़ते ग्राफ को थामने में भाजपा की अंदरखाने से मदद की, ताकि भविष्य में कोई भी मजबूत विपक्षी दल उन्हें नजरअंदाज नहीं कर सके। इस अप्रत्याशित चुनाव परिणाम से जहां भाजपा की बांछें खिल गईं, वहीं कांग्रेस के सियासी हौसले लगातार तीसरी बार पस्त पड़ गए। इस बार तो वह जीती हुई बाजी हार गई। इससे यह साबित हो गया कि अब वह पूरी तरह से परजीवी पार्टी बन गई है। क्योंकि हरियाणा में भी अकेले थी तो हार गई। यही वजह है कि हरियाणा में भाजपा की जीत से ज्यादा कांग्रेस की हार और तीसरे-चौथे मोर्चे के जार-जार होने की चर्चा हर ओर छिड़ी हुई है।

देखा जाए तो हरियाणा में कांग्रेस को शिकस्त देकर भाजपा ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया कि चुनावी रणनीति बनाने में उसके रणनीतिकारों की कोई तोड़ नहीं। हां, इतना जरूर है कि जब कभी भी और जहां कहीं भी वह हारती है तो अपनों की भीतरघात की वजह से और जहां कहीं भी ताल ठोंक कर जीतती है तो आरएसएस के वरदहस्त और अपने कार्यकताओं के अतिउत्साह के चलते, जो हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहते हैं। और अब जिस तरह से प्रधानमंत्री पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा करार दिया है, वह भी उसपर भारी पड़ने वाला है। जिस तरह से भारत के लोकतंत्र, अर्थतंत्र और सामाजिक तानेबाने को कमजोर करने की अंतर्राष्ट्रीय साजिशें हो रही हैं, उसके मुताल्लिक पीएम मोदी की बातों में दम है। निःसन्देह कांग्रेस उसी मुस्लिम लीग की टू कॉपी बनती जा रही है, जिसके प्रतिरोध स्वरूप उसने राष्ट्र विभाजन तक को स्वीकार किया था।




सच कहूं तो हरियाणा के मामले में चुनावी पंडित जिस तरह से गच्चा खा गए, उससे फिर यह बात स्पष्ट हो गई कि राजनीति में दो जोड़ दो बराबर चार समझने की भूल कभी नहीं करनी चाहिए और जो ऐसा करते हैं, सियासत के हाशिये पर चले जाते हैं हुड्डा-शैलजा सरीखे अन्य क्षेत्रीय नेताओं की तरह! जानकारों के मुताबिक, हरियाणा में हैट्रिक लगाते हुए भाजपा वहां तीसरी बार अपनी सरकार बनाएगी। आम चुनाव 2024 में कांग्रेस गठबंधन को मिली तात्कालिक अप्रत्याशित सफलता की बात यदि छोड़ भी दी जाए तो हाल के वर्षों में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, असम, गुजरात आदि के बाद हरियाणा भी एक ऐसा राज्य बन चुका है, जहां पर बीजेपी ने अपने मजबूत चुनावी प्रबंधन से विरोधी पार्टियों के मंसूबे ध्वस्त कर दिए। वहीं, बिहार, पश्चिम बंगाल, जम्मूकश्मीर जैसे राज्यों में भी उसकी स्थिति सुधरी है।

हरियाणा में जबरदस्त एंटी इनकंबेंसी के बावजूद बीजेपी का तीसरा बार जीतना बहुत मायने रखता है। क्योंकि उसकी जीत अब इस बात को स्पष्ट करती है कि एससी-ओबीसी मतदाताओं को खींचने में कामयाब रही। भले ही चुनाव नतीजों से पहले एग्जिट पोल में कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी की गई थी और यहां तक कहा गया था कि किसान, जवान और पहलवान बीजेपी से नाराज हैं। इसलिए उससे सत्ता छिन जाएगी, लेकिन मुख्यमंत्री सैनी के आत्मविश्वास के चलते जो असल नतीजे आए, उससे कहानी बिल्कुल पलट गई है। गीता की धरती पर सत्य की जीत हुई। कुरुक्षेत्र वाले भूभाग में कौरवों सरीखी कांग्रेस हार गई।

बीजेपी ने गत लोकसभा चुनाव से सबक लेते हुए गैर जाट मतदाताओं को गोलबंद करने का काम किया और अपनी रणनीति में वह कामयाब हो गई। खासकर एससी और ओबीसी समुदाय से आने वाले मतदाताओं पर उसने फोकस किया और उनको अपनी तरफ खींचने में कामयाब रही। वहीं, चुनाव से ठीक पहले बीजेपी की सीएम बदलने वाली रणनीति भी गुजरात की तरह ही कामयाब रही। क्योंकि नायब सिंह सैनी, ओबीसी समुदाय से आते हैं, जिनको सीएम बनाने से ओबीसी मतदाताओं के बीच एक सकारात्मक संदेश गया। वहीं, ओबीसी रणनीतिकार दिलीप मंडल को मलाईदार पद देने के बाद उनके समर्थकों ने भी कमल खिलाने का काम किया। भले ही हरियाणा में जाट मतदाताओं का वोट बैंक बहुत बड़ा है जिनके समर्थन पर कांग्रेस काफी निर्भर रही है, लेकिन उनमें भी दरार डालने में भाजपा सफल रही। जाट मतदाता कितने शक्तिशाली हैं, इसका अंदाजा इस बात से मिलता है कि राज्य में जाट समुदाय से आने वाले मुख्यमंत्री लगभग 33 साल तक शासन कर चुके हैं। हालांकि, वर्ष 2014 में, जब बीजेपी सत्ता में आई तो कांग्रेस के भूपिंदर सिंह हुड्डा को जाना पड़ा, जो जाट समाज से ही आते हैं। क्योंकि बीजेपी ने तब मनोहर लाल खट्टर को सीएम बनाया जो एक पंजाबी खत्री समुदाय से सम्बन्धित हैं। जब 2019 में बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई, तो उसने जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला का समर्थन लिया था, जो एक महत्वपूर्ण जाट नेता हैं।

बीजेपी के लिए यह जीत इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि उसके खिलाफ यहां तगड़ी एंटी इनकंबेंसी लहर थी। जिससे पार्टी भी वाकिफ थी। इसलिये अंतिम समय में पार्टी ने नेतृत्व परिवर्तन किया और मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया।

वहीं, राज्य बीजेपी अध्यक्ष मोहन लाल बडोली और पूर्व सांसद संजय भाटिया जैसे वरिष्ठ नेताओं तक को विधानसभा चुनावों से दूर रखने का फैसला उनकी रजामंदी से किया। क्योंकि गत लोकसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। 2024 के आम चुनावों में, बीजेपी ने 10 में से सिर्फ 5 लोकसभा सीटें जीतीं और महज 46.1 प्रतिशत वोट हासिल किए, जबकि कांग्रेस ने बाकी सीटें छीन लीं और 43.7 प्रतिशत वोट प्राप्त किए। जबकि 2019 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी का वोट शेयर 58 प्रतिशत था, जो अब 12 प्रतिशत घटकर 46.1 प्रतिशत रह गया। हालांकि विधानसभा चुनाव के आंकड़े अब बिलकुल अलग तस्वीर पेश करते हैं, जिससे भाजपा को भी सुकून मिली है।

# भारत के संदर्भ में हमें गढ़ने होंगे अपने विमर्श

आज वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श गढ़े जा रहे हैं। हाल ही के समय में इस प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। यह, विमर्श गढ़ने वाले व्यक्ति द्वारा किन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु इसे गढ़ा जा रहा है, पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए कुछ देशों के सम्बंध में प्रायः कुछ विमर्श गढ़े गए हैं, जैसे, अमेरिका के बारे में कहा जाता है कि वहां सामान्यतः व्यापार पर अधिक ध्यान दिया जाता है। ब्रिटेन के बारे में धारणा है कि वहां राजनीति पर अधिक ध्यान दिया जाता है। जर्मनी के सम्बंध में कहा जाता है कि वहां युद्ध कौशल के बारे में अधिक चर्चा की जाती है। इसी प्रकार, भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं ये देश भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं।

भारत की प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं।

पश्चिमी एवं भारतीय विचारधारा में जमीन आसमान का अंतर है। जैसे भारत में व्यापार के मामले में ह्लशुभ लाभह्व की विचारधारा पर कार्य किया जाता है। परंतु, पश्चिमी देशों में पूंजीवाद का अनुसरण करते हुए व्यापार में अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने का प्रयास किया जाता है इसके लिए चाहे सामान्यजन को कितना ही नुक्सान क्यों नहीं उठाना पड़े, इसे ह्लशुद्ध लाभह्व की संज्ञा दी जाती है। और, इसी प्रकार, वामपंथी विचारधारा में अप्रत्यक्ष रूप से ह्लशून्य लाभह्व के लिए कार्य होता दिखाई देता है जिससे अंततः व्यापार ही समाप्त होने की ओर आगे बढ़ जाता है। पश्चिमी एवं अन्य कई देशों में आज पूंजीवाद की विचारधारा को ही अपना लिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप केवल लाभ को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापार करने वाली अमेरिकी कम्पनियों की सम्पत्ति आज कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली माइक्रोसॉफ्ट नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 3.126 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है।

> **पश्चिमी एवं भारतीय विचारधारा में जमीन आसमान का अंतर है। जैसे भारत में व्यापार के मामले में ह्लशुभ लाभह्व की विचारधारा पर कार्य किया जाता है। परंतु, पश्चिमी देशों में पूंजीवाद का अनुसरण करते हुए व्यापार में अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने का प्रयास किया जाता है इसके लिए चाहे सामान्यजन को कितना ही नुक्सान क्यों नहीं उठाना पड़े**

एप्पल नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 2.65 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। ऐमेजोन नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 1.87 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। इसी प्रकार, मेटा नामक अमेरिकी कम्पनी की सम्पत्ति 1.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। अमेरिका ने अधिकतम लाभ अर्जन को मुख्य उद्देश्य मानकर पूंजीवाद को बढ़ावा दिया जिससे आज अमेरिका कई अरबपति बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वर्ग बन गया है और आज इन अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की सम्पत्ति कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है। ब्रिटेन, कनाडा, फ्रान्स आदि जैसी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास है। भारतीय परम्परा में व्यापार में शुभ लाभ इसलिए कहा गया है क्योंकि भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि व्यापार में होने वाले लाभ को 7 हिस्सों में बांटकर समाज में अति पिछड़ा वर्ग की मदद हेतु भी एक हिस्सा उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि अति गरीब वर्ग भूखा न रहे। यह संस्कार भारतीय नागरिकों में ह्लवसुधैव कुटुम्बकमह्व की भावना का संचार करते है। इसी कारण से आज विश्व भर में फैले आतंकवाद से निपटने में केवल भारतीय सनातन संस्कृति ही सक्षम दिखाई देती है। अतः भारतीय सनातन संस्कृति को पूरे विश्व के हितार्थ समस्त देशों को अपनाना चाहिए, आज यह विमर्श खड़ा किए जाने की सख्त आवश्यकता है। पश्चिमी देशों के नागरिकों के लक्ष्य भौतिक (जड़) हो रहे हैं और चेतना कहीं पीछे छूट रही है। केवल आर्थिक विकास अर्थात अर्थ का अर्जन करना ही जैसे इस जीवन का मुख्य उद्देश्य हो। परंतु, भारत के नागरिक सनातन संस्कृति का अनुसरण करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के अहसास के प्रति भी सजग दिखाई देते हैं, अर्थात उनमें चेतना के दर्शन भी होते हैं। इसीलिए भारत ने विश्व में दिलों को जीता है एवं कभी भी किसी देश पर आक्रमण करते हुए उनकी भूमि के एक इंच हिस्से पर भी अपना कब्जा नहीं जमाया है। साथ ही, भारत में ह्लसंयुक्त परिवार ही भारतीय नागरिकों के सुख का आधार हैह्व। पश्चिमी देशों में तो आज संयुक्त परिवार दिखाई ही नहीं देते हैं और इसके दुष्परिणाम के रूप में वहां पर सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न होता दिखाई दे रहा है।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक
उजाला संचार

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में भीषण हादसा

**तेज रफ्तार बस ने ऑटो में मारी टक्कर, एक युवक की मौत**

**लखनऊ।** विभूतिखंड इलाके में बृहस्पतिवार सुबह एक तेज रफ्तार बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। बस चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।



इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह 6:30 बजे एक ऑटो सर्विस लेन से शहीद पथ की तरफ जा रहा था। सिनी पोलिस मॉल के पास जैसे ही ऑटो शहीद पथ पर पहुंचा, वैसे ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार गोंडा अहिरपुरवा निवासी सत्यप्रकाश (25) की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और सत्यप्रकाश के परिजनों से संपर्क करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि बस चालक को हिरासत में लिया गया है और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

### मणिपुर में 3 दिन में बड़ी तादा में हथियार बरामद, सेना और पुलिस ने मिलकर चलाया ऑपरेशन

**मणिपुर।** इंफाल पूर्वी जिले के चम्फाई पहाड़ी में बुधवार को सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए। पुलिस ने बताया कि मणिपुर के विभिन्न हिस्सों में एक ऑपरेशन चलाया गया जिसमें पिछले तीन दिनों में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि उन्होंने चम्फाई से ट-16 राइफल, 22 राइफल, 2 एसएलआर, देशी स्टेन गन, 2 कार्बाइन, 8 पिस्तौल, 12 मोर्टार और 30 मैगजीन जब्त कीं। वहीं लुवांगशांगबाम इलाके में एक अन्य ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने 32 बोर की 2 पिस्तौल, 9 एमएम की 1 पिस्तौल समेत अन्य चीजें बरामद की। इसी तरह का एक ऑपरेशन खेलाखोंग और बिष्णुपुर जिले के गेलबुंग गांव में भी चलाया गया। जहां उन्हें एके-47 राइफल, 12 बोर की एक सिंगल बैरल राइफल, 5 डेटोनेटर और ढाई किलोग्राम आईईडी जब्त की।



### प्लेटफार्म पर पैर फिसलने से वृद्धा की मौत

**उजाला संचार, वाराणासी।** भुलनपुर स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय प्लेटफार्म के नीचे चले जाने से वृद्ध महिला की मौत हो गई। गुरुवार की सुबह प्रयागराज बनारस डेमू से हनुमान गंज प्रयागराज निवासिनी कमरुनिशा 60 वर्ष अपनी बेटी रुबीना बेगम के साथ इलाज के लिए आ रही थी।ट्रेन जब भुलनपुर हाल्ट पर रुकी तो वह उतरने लगी।इसी बीच पैर फिसल गया और प्लेटफार्म के नीचे चली गई।ट्रेन भी चल दी।जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर बरेका चौकी इंचार्ज समेत आरपीएफ पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुट गई।

### एडिशनल सीपी ने डायल 112 के पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया

**वाराणसी।** आगामी शारदीय नवरात्रि और अन्य त्योहारों को ध्यान में रखते हुए अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. एस. चन्नप्पा ने यूपी-112 पर तैनात कर्मियों के लिए एक गोष्ठी आयोजित की।यातायात पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित इस बैठक में चार पहिया और दोपहिया वाहनों पर तैनात पुलिसकर्मियों को कॉलर के साथ शालीन और मृदु व्यवहार करने के साथ ही इवेंट प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।



इस गोष्ठी में अपर पुलिस उपायुक्त काशी और नोडल अधिकारी भी उपस्थित रहीं। सभी पुलिसकर्मियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि वे शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत और प्रभावी कार्रवाई करें, जिससे कॉलर को बेहतर सेवा अनुभव मिल सके।कर्मियों को यूपी-112 की पीआरवी रैंकिंग बनाए रखने के लिए भी सख्त निर्देश दिए गए, जिससे वाराणसी कमिश्नरेट की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी हो सके।

# रामनगरी में 25 लाख से अधिक दीए जलाने की तैयारी, बनेगा विश्व रिकार्ड

**दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में लायी जा रही है तेजी**

**55 घाटों पर दीप प्रज्वलन के जरिए दिखेगी दिव्य आभा, 90 हजार लीटर तेल का होगा इस्तेमाल**

**उजाला संचार**

**अयोध्या।** अयोध्या में प्रभु रामलला के नव मंदिर में विराजित होने के बाद पहली दीपावली बेहद भव्य और दिव्य होने जा रही है। सीएम योगी के कुशल मार्गदर्शन में में सकल विश्व में एक यूनीक इवेंट के तौर पर अपनी पहचान बना चुके अयोध्या के दीपोत्सव कार्यक्रम में इस बार भी नया विश्व रिकॉर्ड कायम करने की तैयारी है। रामनगरी में छोटी दीपावली पर 55 घाटों पर 25 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित होंगे जिसकी अगुआई खुद डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल कर रही हैं। उनके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय प्रशासन ने 30 हजार स्वयंसेवकों को लगाने की तैयारी की है, जिनकी मदद से सातवीं बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अयोध्या धाम का नाम दर्ज होगा। खास बात ये है कि 25 लाख दीए जलाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 28 लाख दीए बिछाये जाएंगे।

**दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद का पहला दीपोत्सव ऐतिहासिक बनाया जायेगा। आठवें दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने कमर कस ली है। दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

दीपोत्सव में सहभागिता के लिए पंजीकरण की तिथि विस्तारित कर दी है। अब 15 अक्टूबर तक सहभागिता हेतु पंजीकरण कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों के दीपोत्सव आईकार्ड को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। 20 अक्टूबर से स्वयंसेवकों को आईकार्ड का वितरण शुरू कर दिया जायेगा।

**जल्द ही शुरू होगा घाटों की मार्किंग का कार्य**

दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर नोडल समन्वयक प्रो0 एसएस मिश्र ने बताया कि राम पैड़ी के 55 घाटों पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए 25 लाख दीए प्रज्ज्वलित किए जाने के लक्ष्य को लेकर 28 लाख दीए बिछाये जायेंगे, जिसके लिए 30 हजार स्वयंसेवक तैनात किए जायेंगे। विवि परिसर सहित 14 महाविद्यालय, 37 इण्टर कालेज, 40 एनजीओ शामिल है। विश्वविद्यालय द्वारा मैपिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। 17 या 18 अक्टूबर से घाटों पर कर्मियों द्वारा मार्किंग का कार्य होगा।

**90 हजार लीटर तेल का होगा इस्तेमाल**

योजना के अनुसार, राम की पैड़ी के सभी घाटों पर 16 गुणे 16 ब्लॉक में 30 एमएल दीए में 30 एमएल सरसों का तेल पड़ेगा। सभी दीयों में कुल मिलाकर 90 हजार लीटर सरसों के तेल लगेगा जिसके इंतेजाम के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से पूरा किया जा रहा है।

दीपोत्सव में सहभागिता के लिए पंजीकरण का कार्य 15 अक्टूबर तक पूरा कर लिया जायेगा।

## विंध्याचल दर्शन कर वापस लौटते समय श्रद्धालुओं की कार डंपर से टकराई, पति-पत्नी, बच्चे समेत 4 की मौत

**उजाला संचार**

**मिर्जामुराद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बिहड़ा गांव के पास एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े डंपर से जा टकराई, जिससे कार में सवार 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि सभी कार सवार वाराणसी के मंडुआडीह क्षेत्र की बजरंग कॉलोनी के निवासी थे।



पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मौके पर वरिष्ठ अधिकारी स्थिति का जायजा ले रहे हैं।जानकारी के अनुसार, मृतक दीपक पांडेय (35) अपनी पत्नी उर्मिला उर्फ माला पांडेय (32), सास फूल केसरी देवी (55) और अर्पिता (28) के साथ विंध्याचल से कार (यूपी-65-डीडब्लू-0616) से वापस घर लौट रहे थे। सुबह लगभग 5 बजे एनएच-19 पर फ्लिपकार्ट वेयरहाउस के सामने खड़े डंपर में उनकी कार अनियंत्रित होकर टकरा गई। इस भीषण दुर्घटना में दीपक, उनकी पत्नी, सास और अर्पिता की मौत हो गई। दीपक के बेटे शिवांश पांडेय (12) को गंभीर चोटें आई हैं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वृहद् मेले का आयोजन

**कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय, मेले में 672 लोगों की स्वास्थ्य जाँच , 25 मरीजों को किया गया मेंटल हास्पिटल रेफर**

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ में वृहद् मानसिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गयो मेले का उद्घाटन हरहुआ ग्राम सभा के सम्मानित ग्राम प्रधान अनवर अली उर्फ अनु प्रधान ने कियो उन्होंने हरहुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को कायाकल्प अवार्ड मिलने पर बधाई भी दियो इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य हमारी समग्र भलाई का एक अभिन्न हिस्सा है इसे प्राथमिकता देना और इसके बारे में जागरूकता फैलाना सभी की जिम्मेदारी है। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपना कर हम एक स्वस्थ और खुशहाल समाज की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ संतोष कुमार ने बताया कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के इस वर्ष की थीम ह्लकार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय हैह्व है मेले में कुल 672 लोगों की स्वास्थ्य जाँच की गई, जिसमें 53 मरीजों की काउन्सलिंग की गई, 25 मरीजों को मेंटल हॉस्पिटल रेफर किया गया तथा बाकी 594 सामान्य मरीज थे मानसिक और भावनात्मक समस्या महसूस होने पर टेली मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 अथवा 18008914416 पर 24 घंटे सातों दिन पर कॉल कर निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य या आरोग्य, दैहिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ होना ही स्वास्थ्य है। मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार एक मौलिक मानव अधिकार पर जोर देती है गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सभी तक पहुंचे, और हर किसी को हर जगह जीवन जीने का अवसर मिले। मानसिक स्वास्थ्य केवल मानसिक बीमारियों की अनुपस्थिति नहीं है बल्कि यह एक व्यक्ति की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक भलाई को भी दर्शाता है, मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन हमारी सोच भावना और व्यवहार को प्रभावित करता है यह कार्य क्षमता, रिश्तों और जीवन की गुणवत्ता को सुधार करता है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने सभी आए हुए ग्राम वासियों तथा चिकित्सीय टीम को धन्यवाद तथा आभार प्रकट किया तथा यह भी वादा किया आगे भी इसी प्रकार के कार्य करते रहेंगे, जिससे समाज को स्वास्थ्य सेवा का लाभ प्राप्त हो सके।

# नवरात्रि / दुर्गा पूजा के अवसर पर डायवर्जन प्लान दिनांक 10.10.2024 व 11.10.2024 तक

**उजाला संचार**

**वाराणसी। दयाल टावरः** किसी भी प्रकार के वाहन को दुगार्कुंड मंदिर की तरफ जाने की अनुमति नहीं होगी। इन वाहनों को पदम श्री चौराहा की ओर डायवर्ट किया जाएगा, जहां से वे अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

दुर्गा कुंड पुलिस चौकी तिराहाः यहां से भी किसी भी प्रकार के वाहन को दुगार्कुंड मंदिर की ओर नहीं जाने दिया जाएगा। इन वाहनों को कबीर नगर कॉलोनी की ओर डायवर्ट किया जाएगा, जिससे वे अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

तेलिया बागः तीन पहिया और चार पहिया वाहन मरीमाई होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।

लकड़मंडी से अमर उजाला तिराहाः यहां से आने वाले सभी प्रकार के वाहन तेलियाबाग होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।

अमर उजाला तिराहा से लहुराबीर चौराहाः इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों, जिसमें दो पहिया वाहन भी शामिल हैं, का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

मलदहिया चौराहा से लहुराबीर चौराहाः इस मार्ग पर भी सभी प्रकार के वाहन, जिसमें दो पहिया वाहन भी शामिल हैं, पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।

रामापुरा चौराहाः यहां से तीन पहिया और चार पहिया वाहन लहुराबीर चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे।

बेनिया तिराहाः यहां से तीन और चार पहिया वाहन लहुराबीर चौराहा की ओर नहीं जाएंगे, ये वाहन कबीर चौरा और मैदागिन होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।

मैदागिन चौराहा से कबीर चौरा तिराहाः इस मार्ग पर बड़े वाहन, तीन और चार पहिया वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। ये वाहन विशेश्वरगंज गोलगड्डा तिराहा होकर अपने गंतव्य तक जाएंगे।

कबीर चौरा तिराहाः यहां से बड़े वाहन लहुराबीर चौराहा की ओर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। वे वाहन मैदागिन होकर विशेश्वरगंज, गोलगड्डा तिराहा होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।

पिपलानी कटरा तिराहाः यहां से बड़े वाहन लहुराबीर चौराहा की ओर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। ये वाहन रामकटोरा होते हुए लकड़मंडी की ओर जाएंगे।

काशिका सेः दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहन लहुराबीर चौराहा की ओर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। ये वाहन रामकटोरा और वी.सी. आवास होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।

## वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में मानचित्र दिवस कैंप में मानचित्र जमा व आई०जी०आर०एस० के सम्बन्ध में बैठक

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** जोनवार माह सितम्बर में जमा शमन शुल्क व मानचित्र स्वीकृत का विवरण निम्न है - जोन-1 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 1 करोड़ 86 लाख 36 हजार 373 तथा कुल 11 मानचित्र स्वीकृत किये गये। जोन-2 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 77 लाख 39 हजार 474 रुपए तथा कुल 15 मानचित्र स्वीकृत किये गये। जोन- 3 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 86 लाख 44 हजार 719 रुपए तथा कुल 08 मानचित्र स्वीकृत किये गये। जोन- 4 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 89 लाख 38 हजार 909 रुपए तथा कुल 07 मानचित्र स्वीकृत किये गये। जोन-5 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 34 लाख 68 हजार 870 रुपए तथा कुल 06 मानचित्र स्वीकृत किये गये। उक्त विवरण के अनुसार जोन-1 द्वारा सर्वाधिक शमन शुल्क जमा कराने एव जोनल



अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अतुल मिश्रा जोन-2 द्वारा सर्वाधिक मानचित्र जमा कराये जाने पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता जे पी गुप्ता को उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा उनके कार्य की सराहना भी की गयी ' उक्त बैठक के दौरान उपाध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नवत निर्देश दिए गये। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आई०जी०आर०एस० में वाराणसी विकास प्राधिकरण की पिछली रैंकिंग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी जोन को सख्त निर्देश दिए गए कि आई०जी०आर०एस० के सन्दर्भ में समीक्षा प्रति दिन की जाये एवं प्राप्त सन्दर्भ दिनांक से नियत दिनांक के 05 दिन पूर्व विस्तृत आख्या आई०जी०आर०एस० अनुभाग को प्राप्त करा दी जाये तथा आख्या देने से पहले सभी जोनल अधिकारी शिकायतकर्ता से बात अवश्य करें।

सचिव एवं अपर सचिव को निर्देशित किया गया कि वह सभी जोन के सुपरवाईजर का कार्य क्षेत्र निर्धारित करें तथा सचिव एवं अपर सचिव के अनुमोदन के बिना किसी भी सुपरवाईजर का स्थानांतरण नही किया जायेगा।

सभी सुपरवाईजर को बस्ता दिए जाने के निर्देश दिए गये जिसमे पेन डायरी व अन्य आवश्यक सामान रखे ' आवंटित क्षेत्र में कितने मानचित्र स्वीकृत है तथा कितने निर्माण गतिमान है इसकी संपूर्ण जानकारी समबन्धित सुपरवाईजर रखे। सचिव को निर्देशित किया गया की बस्ता देने के उपरांत सभी सुपरवाईजर को ट्रेनिंग दिया जाये तथा उनकी समीक्षा की जाए। सभी सुपरवाईजर का क्षेत्र निर्धारित किया जाये और यदि किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण पाए जाते है तो वह सम्बंधित क्षेत्र के सुपरवाईजर की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक के दौरान सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार व सभी जोन के जोनल अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## सोने-चांदी के दाम में गिरावट

**सोना रूपये 179 गिरकर रूपये 74,830 पर आया, चांदी रूपये 350 सस्ती होकर रूपये 88,311 प्रति किलो बिक रही**



**वाराणसी।** सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 10 अक्टूबर को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 179 रुपए गिरकर 74,830 रुपए पर आ गया। इससे पहले इसके दाम 75,009 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, चांदी की कीमत में आज बड़ी गिरावट है। ये 350 रुपए गिरकर 88,311 रुपए प्रति किलो हो गई। इससे पहले चांदी 88,661 रुपए पर थी। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति किलो पर पहुंच चुकी है।

## जय मां अंबे संस्था द्वारा देवी जागरण का हुआ आयोजन, जितेंद्र झा के गीतों पर रात भर झूमें श्रोता

**जौनपुर।** रोडवेज तिराहा स्थित जय मां अंबे संस्था द्वारा नवरात्रि के छठे दिन देवी जागरण व झांकी के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देवी जागरण में भोजपुरी गायक व अभिनेता जितेन्द्र झा ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत गा कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया।हजारों की संख्या में भक्तगण पूरी रात झूमते रहे नाचते गाते रहें। गणपति भजन के बाद ,हाथ में त्रिशूल गरवा,गा के मनोज तिवारी की याद दिला दिया।वही नाम बा जितेन्द्र झा माई गीत गा कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। देवी गीत गायिका कुसुम लता सोनकर ने एक से बढ़कर एक गीत सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। झांकी पूरी रात चलती रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

विशिष्ठ अतिथि जयप्रकाश सिंह जेपी ने सभी कलाकारों को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस



अवसर पर निखिलेश सिंह, विजय सिंह बागी, रविकांत जायसवाल, सत्य प्रकाश गुप्ता,श्याम मोहन ,अमित विक्रम आदि उपस्थित रहे। आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत व आभार जय मां अम्बे संस्था के अध्यक्ष लालता सोनकर ने व्यक्त किया।

# मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत महिला, बालिकाओं को किया गया जागरूक

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** पुलिस उपायुक्त गोमती जोन श्री प्रमोद कुमार द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत पुलिस कार्यालय बाबतपुर में महिला/बालिकाओं को जागरुक करने व महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण करने तथा विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार करने के संबंध में गोमती जोन के समस्त मिशन शक्ति टीम प्रभारी को प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस दिनांक 03.10.2024 से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत आज दिनांक 10-10-2024 को पुलिस उपायुक्त गोमती जोन श्री प्रमोद कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय, गोमती जोन, बाबतपुर में मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत गोमती जोन के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति टीम प्रभारी को 90 दिवसीय जागरुकता अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किया गया । अभियान के तहत समस्त थानों के महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ग्राम चौपाल लगाकर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराया जायेगा।

सभी थानों की महिला पुलिस कर्मियों को प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना, स्पॉन्सरशिप योजन तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया ।

साथ ही समस्त थाना प्रभारी को निम्न 09 प्रकार के अभियान के तहत शत प्रतिशत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।

महिलाओं से संबंधित साइबर अपराध के पंजीकृत अभियोगों एव प्रार्थना पत्रों का शत प्रतिशत निस्तारण करने के लिये ह्लऑपरेशन गरुणह्व चलाया जा रहा है ।

एसिड की अवैध बिक्री के विरूद्ध ह्लऑपरेशन शील्डह्व अभियान चलाया जा रहा है।

अश्लील सीडी/डीवीडी/पुस्तकें साहित्य सामग्री आदि की चेकिंग, बरामदगी एवं जब्तीकरण के लिये ह्लऑपरेशन डेस्ट्रायह्व चलाया जा रहा है ।

बालश्रम, भिक्षावृत्ति एंव बाल विवाह के विरूद्ध प्रदेश स्तरीय अभियान चलाकर बालक/बालिकाओं को अवमुक्त कराने हेतु ह्लऑपरेशन बचपनह्व चलाया जा रहा है ।

गुमशुदा बच्चों/बालिकाओं हेतु रेलवे स्टेशनों,बस स्टेशनों, बाल गृहों व एनजीओ द्वारा संचालित आश्रय ग्रहों आदि का भौतिक निरीक्षण करना एवं बरामद बच्चों को पुनर्वासित करने के लिये अभियान ह्लऑपरेशन खोजह्व चलाया जा रहा है ।

महिला स्कूल/कालेज के आसपास तथा वल्नरेबल स्पॉट्स पर अवांछनीय तत्वों व मनचलों के विरुद्ध ह्लऑपरेशन मजनूह्व चलाया जा रहा है ।

शराबी नशेडी एंव अन्य प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन करने वाले अभ्यस्त व्यक्ति ?ों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं ऐसे संदिग्ध स्थलों का चिन्हीकरण करते हुये विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिये ह्लऑपरेशन नशा मुक्तिह्व अभियान चलाया जा रहा है ।

मानव तस्करी कर लायी गयी महिलाओं बालिकाओं को रेस्क्यु करना एवं उन्हे पुनर्वासित करने के संबंध में विधिक कार्यवाही करने हेतु ह्लऑपरेशन रक्षाह्व चलाया जा रहा है ।

महिला सम्बन्धी अपराधों मे वांछित/प्रकाश मे आये अभियुक्तों तथा जेल से बाहर आये अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु ह्लऑपरेशन ईगलह्व चलाया जा रहा है। इस दौरान गोमती जोन के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें ।

# दक्षिण अफ्रीका ने स्कॉटलैंड को 80 रनों से हराया

## महिला टी-20 विश्वकप




**दुबई, वार्ता :** मैरीजान कप्प (43), तेजमिन ब्रिट्स (43) और लॉरा वुलफार्ट (40) रनों की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने हुए बुधवार को महिला टी-20 विश्वकप के 11वें मुकाबले में स्कॉटलैंड को 80 रनों से हरा दिया।

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दोनों सलामी बल्लेबाजों पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दी। कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने 27 गेंदों में पांच चौकों एवं एक छक्के की मदद से (40) रन बनाए जबकि तेजमिन ब्रिटस ने 35 गेंदों का सामना कर पांच चौकों एवं एक छक्के की मदद से (43) रनों का योगदान दिया। वुलफार्ट को फ्रेजर ने बेल के हाथों कैच आउट कराया जबकि ब्रिटस को बेल ने ब्राइस के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद मैरीजान कप्प ने 24 गेंदों में धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए (43) रन बना दिए। काप ने इस दौरान छह चौके लगाए। काप को ब्राइस ने कार्टर के हाथों कैच आउट कराया। सुने लूस ने मैच के अंतिम क्षणों में 13 गेंदों का सामना करते हुए दो चौकों की मदद से (नाबाद 18) रन बनाए। उनके साथ अनरी डर्कसन एक रन बनाकर नाबाद रही। स्कॉटलैंड की ओर से स्लेटर , ब्राइस , बेल , फ्रेजर एवं कार्टर ने एक-एक विकेट लिया। इसके जवाब में बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरी स्कॉटलैंड टीम शुरु से ही दबाव में रही। अभी टीम का स्कोर 14 रन पहुंचा था कि खाका ने सलामी बल्लेबाज सस्किया हॉली (06) को ब्रिटस के हाथों कैच आउट कराकर स्कॉटलैंड को पहला झटका दे दिया। दो रन बाद ही ट्राइऑन ने सेरा ब्राइस (05) को अपनी ही गेंद पर खुद ने कैच लेकर वापस पैवेलियन भेज दिया। स्कॉटलैंड की ओर से केवल दो बल्लेबाज लिस्टर (12), फ्रेजर (14) दहाई संख्या में पहुंच सके। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए स्कॉटलैंड की पूरी टीम 17.5 ओवर में 86 पर समेट कर 80 रनों से मुकाबला जीत लिया।

# महिला टी-20 विश्वकप में भारत ने श्रीलंका 82 रनों से हराया




**दुबई , वार्ता :** कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद (52) एवं स्मृति मंधाना के (50) अर्धशतकीय पारियों के बाद सोभना आशा और अरुंधति रेड्डी की बेहतरीन गेंदबाजी के दम भारत ने बुधवार को महिला टी-20 विश्वकप में श्रीलंका को 82 रनों से शिकस्त दी है। इसी के साथ रन रेट में सुधार होने के साथ ही भारत ग्रुप ए की तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को उनकी (52) रनों की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। भारत के तीन विकेट पर 172 रनों के चुनौतीपूर्ण स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने तीन ओवर में छह रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां कर संकट में पहुंच गई थी। विश्मी गुणारत्ने (00), चमारी अटापट्टू (01 ) और हर्षिता समाराविक्रमा (03) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे समय में कविशा दिलहारी और अनुष्का संजीवनी ने पारी को संभाला। आठवें ओवर में सोभना आशा ने अनुष्का संजीवनी (20) को आउट कर इस बढ़ रही साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद अरुधंति ने कविशा दिलहारी (21) को भी पवेलियन भेज दिया। नीलाक्षी (आठ), अमा (19), सुगंधिका (01), इनोशी प्रियदर्शिनी (07) रन बनाकर आउट हुई।

## सार संक्षेप

### भारत के खिलाफ पहले टेस्ट नहीं खेलेंगे चोटिल केन विलियमसन




**नई दिल्ली** : न्यूजीलैंड के चोटिल बल्लेबाज केन विलियमसन भारत के खिलाफ बेंगलुरु में होने वाले पहले टेस्ट में नहीं खेलेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में होगी। श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से मिली हार के बाद टिम साउदी ने कप्तानी हटने के बाद टीम की कमान टॉम लेथम हाथों है और न्यूजीलैंड ने चोटिल विलियमसन की जगह टीम में मार्क चैपमैन को शामिल किया गया है। श्रीलंका दौरे पर विलियमसन की जांघ में चोट लगी थी जो अब तक पूरी तरह ठीक नहीं हो पाई है। न्यूजीलेंड के चयनकर्ता सैम वेल्स कहा कि हमें जो सलाह दी गई है उसके हिसाब से केन को आराम करने की जरुरत है। चोट के साथ उन्हें टीम रखना जोखिम भरा हो सकता है। हमें पूरा भरोसा है कि केन चोट से जल्दी ही ठीक हो जाएंगे और श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। लेकिन हमें इस बात का दुख है कि वह पहले टेस्ट में हमारे साथ नहीं होंगे।

### इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2024 में भारत के कप्तान होंगे सचिन तेंदुलकर



**नई दिल्ली** : सचिन तेंदुलकर 17 नवंबर से आठ दिसंबर तक चलने वाली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2024 में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे। पहली बार आयोजित हो रहे इस क्रिकेट लीग में भारत, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सहित छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। टी-20 प्रारुप में होने वाली इस लीग के मुकाबले नवी मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेले जाएंगे। इस लीग में क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी ब्रायन लारा, कुमार संगाकारा, शेन वॉटसन, इयोन मोर्गन और अपने समय के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक जोंटी रोड्स अपनी-अपनी टीमों के कप्तानी करते नजर आएंगे। सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर के प्रयासों के बाद इंटरनेशनल मास्टर्स लीग को शुरू करने का विचार किया गया। इस टूर्नामेंट में 18 मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें 90 से अधिक क्रिकेट से संन्यास ले चुके खिलाड़ी शामिल होंगे।

### श्रीलंका क्रिकेट चयन समिति के अध्यक्ष थरंगा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**कोलंबो** : श्रीलंका क्रिकेट चयन समिति के अध्यक्ष उपुल थरंगा के खिलाफ आठ अक्टूबर को अदालत में पेश नहीं होने के कारण गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार मटाले उच्च न्यायालय द्वारा जारी वारंट मैच फिक्सिंग मामले से जुड़ा है। जिसमें कैंडी में आयोजित लीजेंड्स लीग टूर्नामेंट शामिल है। रिपोर्ट में बताया गया कि थरंगा वर्तमान में अमेरिका में हैं जहां वह एक फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।

### पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन बना भारत-जर्मनी हॉकी सीरीज का शीर्षक प्रायोजक

**नई दिल्ली** : जर्मनी के खिलाफ 23 अक्टूबर से शुरु होने वाली दो मैचों की द्विपक्षीय सीरीज के लिए हॉकी इंडिया ने पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) को शीर्षक प्रायोजक घोषित किया है। लगभग एक दशक के अंतराल के बाद नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारत और जर्मनी के बीच 23 और 24 अक्टूबर को मुकाबले खेले जाएंगे। इस स्टेडियम पर आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय मैच जनवरी 2014 को हीरो हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल के तौर पर खेला गया था। पीएफसी भारत बनाम जर्मनी द्विपक्षीय हॉकी सीरीज 2024 में दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क होगा। प्रशंसकों को अपने टिकट सुरक्षित करने की अनुमति देने के लिए एक मुफ्त डिजिटल टिकटिंग प्रणाली शुरू की जाएगी। वर्चुअल टिकट प्राप्त करने के लिए प्रशंसकों को बस आधिकारिक टिकटिंग लिंक पर जाना होगा।

# भारत ने जीती टी-20 सीरीज

## दूसरे टी-20 में बांग्लादेश को 86 रन से हराया

### नीतीश रेड्डी ने 74 रन बनाए, दो विकेट भी लिए, भारत को सीरीज में अजेय बढ़त




**नई दिल्ली, वार्ता :** भारत ने नई दिल्ली में बांग्लादेश को 86 रन से दूसरा टी-20 हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने 9 विकेट खोकर 221 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 135 रन ही बना सका। परवेज हसन इमोन ने 16, मेहदी हसन मिराज ने 16, लिटन दास ने 14 और नजमुल हुसैन शांतो ने 11 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 रन से ज्यादा का आंकड़ा भी नहीं छू सके। भारत से नीतीश रेड्डी और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए। जबकि मयंक यादव, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह और अभिषेक शर्मा को 1-1 विकेट मिला। भारत से नीतीश रेड्डी ने 34 गेंद पर 74 रन बनाए, उन्होंने फिर गेंदबाजी से 2 विकेट भी लिए। रेड्डी को ही प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। वरुण चक्रवर्ती ने भी 2 विकेट लिए। बांग्लादेश से महमूदुल्लाह ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। दूसरा मुकाबला जीतकर भारत ने 3 टी-20 की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। तीसरा मुकाबला 12 अक्टूबर को हैदराबाद में खेला जाएगा।

# जो रुट के नाबाद शतक से इंग्लैंड ने मैच पर बनाई पकड़

● मुल्तान, वार्ता




**जो** रुट के (नाबाद 176) रन , हैरी ब्रूक के (नाबाद 141) की शतकीय तथा जैक क्रॉली (78) तथा बेन डकेट (84) के अर्द्धशतकों की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 492 रन बनाकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है।

यहां इंग्लैंड ने कल के एक विकेट पर 96 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। 25वें ओवर में शाहीन शाह अफरीदी ने शतक की ओर बढ़ रहे जैक क्रॉली को आमेर जमाल के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए बेन डकेट ने जो रूट के साथ संभलकर खेलते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। भोजनकाल तक दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिये 119 रनों की साझेदारी करते हुए इंग्लैंड ने 45 ओवरों में दो विकेट पर 226 रन बना लिए थे। भोजनकाल के बाद शुरु हुए खेल में जमाल ने डकेट को (84) पर पगबाधा आउट कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। इसके बाद रुट और ब्रूक ने संभलकर खेलते हुए खेल को आगे बढ़ाया और पाकिस्तानी गेंदबाजों को खेल समाप्ति तक कोई मौका नहीं दिया।

### इंग्लैंड ने तीन विकेट पर बनाए 492 रन, अभी भी 64 रन पीछे

दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने शतक पूरे किए। खेल समाप्ति के समय रुट (नाबाद 176) और ब्रूक (नाबाद 141) पर खेल रहे थे। हालांकि इंग्लैंड अभी पाकिस्तान के पहली पारी में बनाए गए 556 के स्कोर से 64 से पीछे है। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह, शाहीन शाह और आमेर जमाल ने एक-एक विकेट लिया।

# प्लेऑफ में जगह बनाने के इरादे से मैदान पर उतरेगी इंडिया कैपिटल्स

● श्रीनगर, वार्ता

**लीजेंड्स** लीग क्रिकेट (एलएलसी) के तीसरे संस्करण में इंडिया कैपिटल्स गुरुवार को मणिपाल टाइगर्स के खिलाफ मुकाबले में जीत दर्ज कर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने और दूसरे स्थान पर पहुंचने की कोशिश करेगी। अपने पिछले मैच में आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत हासिल करने के बाद, कैपिटल्स का लक्ष्य के ग्रुप स्टेज को शानदार तरीके से खत्म करना है। छह अंकों के साथ और गुजरात ग्रेट्स पर ताजा जीत के बाद, कैपिटल्स वर्तमान में अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है। वहीं, मणिपाल टाइगर्स सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। इस उच्च-दांव वाले मुकाबले में जीत कैपिटल्स को न केवल प्लेऑफ में जगह दिलाएगी बल्कि शीर्ष-दो स्थान को सुरक्षित करने के लिए उनकी दावेदारी को भी मजबूत करेगी। इंडिया कैपिटल्स इस मैच में गुजरात ग्रेट्स पर हौसला बढ़ाने वाली जीत के साथ उतरेगी, जहां कप्तान इयान बेल ने 49 गेंदों पर नाबाद 41 रनों की सूझ-बूझ भरी पारी खेलकर टीम को 4 विकेट से जीत दिलाई थी। टीम की गेंदबाजी, जिसमें इकबाल अब्दुल्ला और धवल कुलकर्णी ने प्रमुख भूमिका निभाई है, पूरे सीजन में उनकी ताकत रही है। खासकर इकबाल अब्दुल्ला ने नियमित रूप से महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट लिए हैं और बेहतरीन फॉर्म में हैं। बैटिंग के मोर्चे पर, कैपिटल्स ने चमकदार प्रदर्शन किया है, जिसमें भरत चिपली, बेन डंक और कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने अहम मौकों पर योगदान दिया है। हालांकि, मणिपाल टाइगर्स के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने के लिए शीर्ष क्रम को दबाव में प्रदर्शन करना होगा। इंडिया कैपिटल्स के कप्तान इयान बेल ने कहा कि हमें पता है कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मैच है। पिछले मैच में हमने जबरदस्त धैर्य दिखाया था, और अब हमारे पास शीर्ष-दो में जगह बनाने का मौका है, जिससे हमें प्लेऑफ में एक मजबूत बढ़त मिलेगी। टीम पूरी तरह से एकजुट है और हम जानते हैं कि इस मुकाबले में क्या दांव पर लगा है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और लीग स्टेज को सकारात्मक तरीके से समाप्त करेंगे। दूसरी ओर, मणिपाल टाइगर्स के कप्तान हरभजन सिहं हैं, इस सीजन में लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं और वर्तमान में अंकतालिका में दूसरे स्थान पर हैं। गुजरात ग्रेट्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में ऑलराउंडर थिसारा परेरा ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था।

# भारत अंडर-19 ने जीती टेस्ट सीरीज

### ऑस्ट्रेलिया को पारी और 120 रन से हराकर दो 2-0 से जीती सीरीज




**चेन्नई, वार्ता :** अनमोलजीत सिंह (नौ विकेट) और मोहम्मद एनान (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने चार दिवसीय दूसरे टेस्ट मैच में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 277 पर समेटने के बाद उसे दूसरी पारी में 95 रन पर ढेर कर मुकाबला पारी और 120 से जीत लिया है। इसी के भारत ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2-0 से जीत ली है।

मैंच में शानदार गेंदबाजी नौ विकेट लेने वाले अनमोलजीत सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। भारत की घातक गेंदबाजी का आलम यह था कि बुधवार को दिन ऑस्ट्रेलिया के रिकॉर्ड 17 विकेट गिरे। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार के तीन विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया का चौथा विकेट पर 208 के स्कोर पर ली यंग (66) के रूप में गिरा। यंग को अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद क्रिश्चियन होवे (4) पर रनआउट हो गये। ऐडन ओ'कॉनर (18) को समर्थ नागराज ने अपना शिकार बनाया। इस दौरान कप्तान ऑलिवर पिक ने अपना शतक पूरा किया । ऑलिवर को अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। ऑलिवर ने 199 गेंदो में 16 चौके और एक छक्का लगाते हुए (117) रन बनाए। ओली पैटरसन (12), एल रानाल्डो (2), विश्व रामकुमार (4) रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम पहली पारी 80.2 ओवर में 277 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से अनमोलजीत सिंह और मोहम्मद एनान ने चार-चार विकेट लिए। समर्थ नागराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया। पहली पारी में 215 रनों पिछड़ने के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को फ्लोऑन खेलने के लिए मजबूर किया।

# आर्कटिक ओपन में हारीं पीवी सिंधु

## सिधु को मिशेल ली से 16-21, 10-21 से हराया, मालविका प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची

● वांता (फिनलैंड), वार्ता

**भारतीय** बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु आर्कटिक ओपन 2024 के शुरुआती दौर में कनाडा की मिशेल ली से हाकर बाहर हो गईं हैं। वहीं उनकी हमवतन मालविका बंसोड़ ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली हैं।

बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के बुधवार को 37 मिनट तक चले मुकाबले में सिंधु को कनाडा की मिशेल ली से 16-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद पीवी सिंधु का यह पहला टूर्नामेंट था। सिंधु ने पहले गेम में शुरुआती बढ़त हासिल की। लेकिन इसके बाद वह लय बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। वहीं, मिशेल ने शानदार शॉट्स के साथ अंक अर्जित किए और पहला गेम 21-16 से जीत लिया। इसके बाद दूसरे गेम में मिशेल ने लगातार अंक अर्जित करते हुए 21-10 से आसान जीत दर्ज की। वहीं महिला एकल के एक अन्य मैच में मालविका बंसोड़ ने चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 21-19, 24-22 हराकर राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। प्री-क्वार्टर में मालविका का सामना थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन से होगा। इसके अलावा आकर्षी कश्यप ने 45 मिनट तक चले मुकाबले में जर्मनी की यवोन ली को सीधे गेम में 21-19, 21-14 से मात देकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। पुरुष एकल के क्वालीफायर मुकाबले में किरण जॉर्ज फ्रांस के लुकास क्लेयरबाउट को 21-16, 13-21, 21-19 से हराकर पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया।

### मालविका ने चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 21-19, 24-22 से हराया



# डीपीएल में वाटिका की धमाकेदार जीत

**नई दिल्ली :** डीएसए प्रीमियर लीग में बुधवार को पहली लीग की विजेता वाटिका एफसी ने पिछड़ने के बाद फ्रेंड्स यूनाइटेड को छकाते हुए 2-1 की रोमांचक जीत दर्ज की। यहां अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गये इस मैच में विजेता वाटिका एफसी के लिए कुशाग्र कक्कड़ और अभिषेक बाक्सला ने दमदार गोल जमाए। वहीं दिन के पहले मुकाबले में सीआईएसएफ ने सुदेवा एफसी को गोल शून्य बराबरी पर रोक कर अंक बांटे। वाटिका और फ्रेंड्स यूनाइटेड के बीच खेला गया दूसरा मैच पहले हाफ तक ऊंचाइयों को नहीं छू पाया। हालांकि फ्रेंड्स यूनाइटेड ने 12 वें मिनट में कप्तान अजय सिह के गोल से बढ़त बना ली लेकिन इसके बाद वह सब हुआ जिसकी कल्पना नहीं थी। लगातार दो मैच हारने वाली वाटिका ने तेवर बदले और अनुभवी खिलाड़ियों से सजी फ्रेंड्स यूनाइटेड को दौड़ा दौड़ा कर थकाने की रणनीति अपनाई, जोकि कारगर रही। एक ओर अजय, महिप अधिकारी, अंकित और अक्षय हुरिया बार बार मौके गंवाते रहे।



बुधवार को भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा ने नई दिल्ली में उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेल-2025 पर चर्चा के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की।

# विस चुनाव परिणाम धर्मनिरपेक्ष ताकतों के लिये सबक: माकपा

● नई दिल्ली, वार्ता

**मार्क्सवादी** कम्युनिस्ट पार्टी ने जम्मू- कश्मीर तथा हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणामों को धर्मनिरपेक्ष ताकतों के लिये एक सबक बताते हुये कहा है कि इनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ संघर्ष जारी रखने की आवश्यकता का संदेश है।

माकपा पोलित ब्यूरो की ओर से बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि जम्मू- कश्मीर का चुनाव परिणाम 'लोकतांत्रिक आकांक्षाओं को कुचलने की साजिशों' का मुंहतोड़ जवाब है। पार्टी की विज्ञप्ति में हरियाणा के मामले में हार के लिये जिम्मेदार कारकों पर कांग्रेस को आत्मनिरीक्षण करने की नसीहत दी गयी है। माकपा ने कहा कि जम्मू- कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस तथा उसके सहयोगियों ने केंद्र सरकार के छह वर्षों के शासन के बाद पहली निर्वाचित सरकार बनाने के लिये स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया। पार्टी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोगों का स्पष्ट जनादेश भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करके राज्य का दर्जा समाप्त करने तथा निर्वाचन क्षेत्रों के 'जोड़-तोड़' वाले परिसीमन के माध्यम से लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं को 'कुचलने की साजिशों' का मुंहतोड़ जवाब है। माकपा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने कांग्रेस के साथ कांटे की टक्कर में बहुमत हासिल की। भाजपा ने कांग्रेस से 0.6 प्रतिशत वोट के मामूली अंतर से जीत दर्ज की। पार्टी ने कहा है कि इस जीत लिये जातीय जोड़-तोड़ और सांप्रदायिकता की राजनीति की गयी। पार्टी ने यह भी कहा है कि कांग्रेस को हरियाणा के परिणाम के अन्य कारकों के बारे में आत्मनिरीक्षण करना होगा।



बुधवार को पटना में दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान पूजा करते राजद विधायक तेज प्रताप।

■ छाया : एजेंसी

## सार संक्षेप

### बचपन की तस्वीरें शेयर कर भावुक हुईं कंगना रनोत



**नई दिल्ली:** फिल्म इमरजेंसी को लेकर सुर्खियों में बनी हुई कंगना रनोत ने हाल ही में अपनी बचपन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो पोज करती नजर आई हैं। बचपन की खास झलक दिखाते हुए कंगना ने बताया है कि उन्होंने थोड़े-थोड़े पैसे जोड़कर बचपन में एक कैमरा लिया था और वो मौका मिलते ही अपनी तस्वीरें क्लिक करवाने लगती थीं। कंगना ने अपनी एक तस्वीर के साथ लिखा है, 'जब भी मैं पुरानी तस्वीरें देखती हूं, मैं अपनी हंसी नहीं रोक पाती हूं। मैं बहुत फनी बच्ची थी। मैंने अपनी सेविंग्स से एक छोटा सा कैमरा खरीदा था और मैं हमेशा अपनी तस्वीरें क्लिक करवाती रहती थी। जब भी पापा हमें बाहर लेकर जाते थे, तब भले ही वो एक मिनट के लिए कार रोकें, लेकिन मैं तुरंत कार से उतरकर पोज देने लगती थी।'

### कंडाघाट में पलटी उत्तराखंड परिवहन की बस, 35 यात्री घायल

**सोलन:** हिमाचल प्रदेश के कंडाघाट में उत्तराखंड परिवहन की एक बस ब्रेक फेल होने की वजह से अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें 35 लोग घायल हो गये। बताया जा रहा है कि बस शिमला से टनकपुर जा रही थी और सवारियों से खचाखच भरी हुई थी। इस बस में करीब 60 यात्री सवार थे। हादसे में करीब 35 यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं जिनमें से तीन गंभीर रूप से घायलों में से एक को शिमला और दो अन्य गंभीर घायलों को सोलन के क्षेत्रीय अस्पताल में इलाज के लिए रेफर किया गया है। स्थानीय पुलिस और जनता ने मौके पर पहुंचकर घायलों को कंडाघाट सरकारी अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे के बाद एनएच-5 पर दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर फिर से सवाल खड़े हो गए हैं। पिछले नौ महीनों में यहां 140 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें 14 लोगों की मौत हो गई है और 250 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब परमाणु से लेकर कैथलीघाट के बीच दुर्घटना की खबर सामने न आए। बस में सवार एक यात्री ने बताया कि हादसे के वक्त बस की गति तेज थी और अचानक ब्रेक फेल होने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। फिलहाल प्रशासन दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहा है।

### मेरे स्टार प्रचारक मेरे कार्यकर्ता हैं: अनिल विज

**अंबाला:** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने बुधवार को कहा कि उन्हें स्टार प्रचारक की जरूरत नहीं है और उनके स्टार प्रचारक उनके कार्यकर्ता हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव में अंबाला छावनी सीट से कड़े मुकाबले में चुनाव जीते अनिल विज ने कहा कि उन्होंने आठ चुनाव लड़े हैं और उनमें से सात चुनाव जीते हैं। एक चुनाव में पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी प्रचार के लिये आये थे, उसके अलावा उन्होंने कभी किसी स्टार प्रचारक को नहीं बुलाया क्योंकि उनके स्टार प्रचारक उनके कार्यकर्ता हैं।

# हिजबुल्लाह ने की सीजफायर की मांग

## नेतन्याहू बोले- हिजबुल्लाह के खिलाफ अपने हमले और तेज करेंगे

● नई दिल्ली, एजेंसी

**लेबनान** में इजराइली हमलों के बीच हिजबुल्लाह ने सीजफायर की मांग की है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक इस संगठन ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर सीजफायर का समर्थन किया है और गाजा में जंग को रोकने की शर्त नहीं रखी है।

हिजबुल्लाह ने पिछले साल 8 अक्टूबर को हमास का साथ देते हुए इजराइल पर हवाई हमला शुरू किया था। इस घटना के एक साल पूरे होने पर हिजबुल्लाह के डिप्टी चीफ नईम कासिम ने मंगलवार को भाषण दिया। कासिम ने कहा कि हिजबुल्लाह सीजफायर के लिए लेबनान संसद अध्यक्ष नबीह बेरी की कोशिशों का समर्थन करता है। एक बार सीजफायर हो जाए तो फिर बाकी चीजों पर चर्चा की जाएगी। हिजबुल्लाह पहले कहता रहा है कि वह इजराइल पर हमले तभी रोकेगा जब गाजा में सीजफायर होगा। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनानी लोगों को चेतावनी दी। नेतन्याहू ने कहा कि वे हिजबुल्लाह के खिलाफ अपने हमले को और तेज करने जा रहे हैं जिससे लेबनान का अंजाम गाजा जैसा हो सकता है। नेतन्याहू ने लेबनानी लोगों को संबोधित करते हुए एक वीडियो में कहा, ईसाई, मुसलमान, सुन्नी और शिया, आप सभी लेबनान में हिजबुल्लाह के बिना वजह जंग छेड़ देने की वजह से पीड़ित हैं। आपके पास लेबनान को



बचाने का मौका है। वरना ये इलाका लंबे समय तक जंग में घिर जाएगा। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि इजराइल, लेबनान में भी वही पैटर्न अपना रहा है जो उन्होंने गाजा में किया था। गाजा की तरह लेबनान में भी लोगों को अपना घर छोड़कर पलायन करना पड़ा है।इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच मंगलवार को भी लड़ाई जारी रही। इजराइल ने लेबनान में ग्राउंड ऑपरेशन तेज करते हुए चौथा डिवीजन तैनात कर दिया है। इजराइली सेना ने इस बारे में नहीं बताया कि इसमें कितने सैनिक शामिल हैं। अलजजीरा के मुताबिक चौथी डिवीजन में 15 हजार से ज्यादा सैनिक हो सकते हैं।

इससे पहले हिजबुल्लाह ने कहा था कि इजराइली सेना लेबनान में ग्राउंड ऑपरेशन शुरू करने के बाद आगे नहीं बढ़ पाई हैं।इस बीच इजराइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क पर एक बार फिर से एयर स्ट्राइक की है जिसमें कम से कम 7 लोगों के मारे जाने और 11 के घायल होने की खबर है। अलजजीरा के मुताबिक इजराइली सेना ने दमिश्क की एक आवासीय इमारत पर हवाई हमला किया था। एजेंसी के मुताबिक दो इजराइली अधिकारियों ने कहा कि इजराइल ने सीरिया की राजधानी में ईरानी दूतावास के पास भी हमला किया है।

# 'पहला काम राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित होना चाहिए'

### अब काम पर वापस लौटने का समय आ गया है: उमर

● श्रीनगर, वार्ता

**नेशनल** कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि नये मंत्रिमंडल का पहला काम राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रस्ताव पारित करना होना चाहिए।

अब्दुल्ला ने कहा कि नए मुख्यमंत्री को प्रस्ताव लेकर दिल्ली जाना चाहिए और वरिष्ठ मंत्रियों से मिलकर उनसे अपना वादा पूरा करने के लिए कहना चाहिए। उन्होंने मीडिया को बताया कि सरकार सिर्फ नेकां या उसके गठबंधन की नहीं होगी, बल्कि सभी को शामिल करेगी, खास तौर पर उन इलाकों पर ध्यान दिया जाएगा, जहां गठबंधन के कम विधायक चुने गये हैं। उन्होंने कहा कि कई निर्दलीय विधायकों ने नेकां में शामिल होने की बात की है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि निर्वाचित सदस्यों की विधायक दल की बैठक गुरुवार को होने वाली है। उसके बाद गठबंधन के नेता पर फैसला करने के लिए गठबंधन की बैठक होगी। उन्होंने कहा कि



जैसा कि माना जा रहा है, गठबंधन का नेता समर्थन पत्र लेकर राजभवन जाएगा और दावा पेश करेगा तथा उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से शपथ ग्रहण समारोह की तारीख तय करने का अनुरोध करेगा। मैं चाहूंगा कि यह जल्द से जल्द हो क्योंकि हम 2018 से निर्वाचित सरकार के बिना हैं। अब काम पर वापस लौटने का समय आ गया है। नेकां उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है और हमें उम्मीद है कि यह जल्द ही पूरा हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि उन्होंने यह नहीं कहा था कि राज्य का दर्जा केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में ही बहाल किया जाएगा। यह उनका जम्मू-कश्मीर के लोगों से वादा किया गया था।।

### पूर्व विधायक धनेश्वर माझी का निधन

**भुवनेश्वर:** ओडिशा में आदिवासी नेता एवं पांच बार के विधायक और पूर्व राज्यसभा सदस्य धनेश्वर माझी का बुधवार को कालाहांडी जिले के केंसिगा स्थित एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि केंसिगा अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। कालाहांडी जिले के केंसिगा और नारला विधानसभा क्षेत्रों से पांच बार विधायक रहे माझी 1971, 1974, 2000, 2004 और 2014 में ओडिशा विधानसभा के लिए चुने गए। वह 1978 से 1984 तक जनता पार्टी के सदस्य के रूप में राज्यसभा के सदस्य रहे। अपने लम्बे राजनीतिक जीवन के दौरान श्री माझी जनता पार्टी, स्वतंत्र पार्टी, बीजू जनता दल और भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे।

### बांग्लादेश के पांच मछुआरों का अपहरण

**ढाका:** बंगलादेश के दक्षिणी शहर टेकनाफ के निकट नाफ नदी में मछली पकड़ते समय म्यांमार की अराकान सेना के संदिग्ध सदस्यों ने पांच मछुआरों का अपहरण कर लिया है। स्थानीय अखबार 'ढाका ट्रिब्यून' ने बुधवार को बताया कि यह घटना कॉक्स बाजार जिले के नयापारा इलाके में सोमवार अपराह्न तब हुई, जब मछुआरे नाफ नदी में मछली पकड़ने गये। रिपोर्ट के मुताबिक अभी तक मछुआरों को वापस नहीं किया गया है। टेकनाफ में बीजीबी के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल मोहिउद्दीन अहमद ने पुष्टि की कि बीजीबी मछुआरों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए म्यांमार के अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है। सुब्रंग यूनियन परिषद के सदस्य अब्दुस सलाम ने कहा कि इस क्षेत्र के पांच मछुआरों को म्यांमार के नागरिकों ने पकड़ लिया।

### बांग्लादेश के पूर्व सांसद माणिक गिरफ्तार

**ढाका:** बंगलादेश के पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान माणिक को रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने जुलाई-अगस्त में देश में हुए कोटा विरोधी छात्र आंदोलन में शामिल लोगों पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस आंदोलन ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। स्थानीय अखबार 'ढाका ट्रिब्यून' ने बुधवार को बताया कि अवामी लीग के नेता माणिक को मंगलवार शाम ढाका के वसुंधरा आवासीय इलाके से गिरफ्तार किया गया। आरएबी के कानूनी एवं मीडिया विंग के सहायक निदेशक एएनएम इमरान खान ने इस बात की पुष्टि की। पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान माणिक माणिक पर भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन पर कथित रूप से हमला करने के लिए सुनामगंज सदर थाने में एक शिकायत दर्ज है।



बुधवार को पटना में दुर्गा पूजा सामुदायिक पंडाल में सेल्फी लेते श्रद्धालु।

# लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है : विनेश फोगाट

### कहा- हमें अभी और मजबूत होकर संघर्ष जारी रखना होगा

● चंडीगढ़, वार्ता

**हरियाणा** विधानसभा चुनाव से राजनीतिक मैदान में उतरीं और जुलाना से कड़े मुकाबले में जीतीं पहलवान विनेश फोगाट ने बुधवार को जुलाना की जनता का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा है कि हमें अभी और मजबूत होकर संघर्ष जारी रखना होगा, जब तक कि हम जैसे आम लोगों को न्याय मिलना शुरू नहीं होता। हरियाणा के हर नागरिक से मेरी



अपील है कि हम इस कठिन रास्ते पर एकजुट रहें, अपने हक और न्याय के लिए आवाज़ उठाते रहें। यह सिर्फ एक शुरुआत है, हमें अपनी ताकत और संकल्प को बनाये रखना है ताकि हर आम आदमी को उसका अधिकार और न्याय मिल सके। उन्होंने जीत के लिये जुलाना वासियों, के साथ प्रदेश और देश के कोने-कोने से मेरी जीत की प्रार्थना करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया है।

उन्होंने लिखा है कि इस न्याय के दंगल में जीत हासिल करवाने के लिए जुलाना हल्के की समस्त 36 बिरादरी का बहुत-बहुत आभार, जिन्होंने अपने साथ और विश्वास से मुझे ताकत दी। यह मेरी नहीं, आप सभी की जीत है। मैं आपको आश्वस्त करती हूँ कि आप सभी के लिए, जुलाना की प्रगति के लिये मैं निरंतर प्रयास करती रहूंगी। आप सभी के द्वारा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से दिए गए अथक परिश्रम, समर्पण और साथ के लिए मैं सदैव आभारी रहूंगी। महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के खिलाफ पहलवानों के आंदोलन का चेहरा बनी विनेश फोगाट पेरिस ओलिंपिक्स में वज़न मामूली ज्यादा होने की वजह से चूक गयीं थी।

# पुत्र भव्य की हार से भावुक हुए कुलदीप बिश्नोई

● हिसार, वार्ता

**हरियाणा** में हिसार जिले की आदमपुर विधानसभा सीट से पहली बार पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के परिवार के किसी सदस्य की हार के बाद कुलदीप बिश्नोई समर्थकों को संबोधित करते हुये बुधवार को भावुक हो गये और रो पड़े।

बिश्नोई को रोते देखकर समर्थकों ने चौधरी भजनलाल अमर रहें के नारे लगाये। पुत्र भव्य बिश्नोई ने पिता को को सांत्वना दी। आदमपुर सीट पर पहली बार 1967 में चौधरी भजनलाल जीते थे। तब से लेकर अब तक इस सीट पर भजनलाल परिवार के सदस्य ही जीतते आये हैं। इस चुनाव में भजनलाल के पूर्व सहयोगी रामजी लाल के



भतीजे और पूर्व आईएएस अधिकारी चंद्र प्रकाश ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में इस अभेद किले को भेद दिया और कड़े मुकाबले में भाजपा के टिकट पर लड़े विधायक भव्य को 1768 वोटों से पराजित कर दिया दिया। बिश्नोई के कांग्रेस से अलग होने के बाद 2022 के उपचुनाव में भव्य ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा और जीता था।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली हमारी धरोहर: मुर्मू

### राष्ट्रपति ने किया अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का दौरा

● नई दिल्ली, वार्ता

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का दौरा किया और संस्थान के सातवें स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव, आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा और संस्थान निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) तनुजा नेसारी सहित आयुष मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह के बाद राष्ट्रपति ने आयुष औषधि केंद्र कार्यक्रम का शुभारंभ और शाश्वत आयुष प्रदर्शनी का अनावरण किया। आयुष औषधि केंद्र का उद्देश्य सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक दवाइयाँ सुलभ कराना और आयुर्वेद के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। संस्थान ने हाल के वर्षों में देशभर में सात नए स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र स्थापित किए हैं और 44 विशेष क्लीनिकों के माध्यम से 27 लाख से अधिक मरीजों का इलाज किया है। कुल 73 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद विश्व की सबसे प्राचीन समग्र चिकित्सा प्रणालियों में से एक है। यह मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने पर जोर देता है। आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली हमारी धरोहर है ।



# नाराज किसानों ने किया रोड-जाम, दिया धरना

**फतेहाबाद:** हरियाणा में फतेहाबाद जिला के टोहाना में धान की खरीदी नहीं होने से नाराज किसानों ने बुधवार को रोड जाम कर धरना दिया।

किसानों ने टोहाना के रतिया रोड पर एडिशनल अनाज मंडी के बाहर सड़क पर धरना दिया। जिस कारण यातायात बाधित हो गया। किसानों ने बताया कि बार-बार तारीख पर तारीख दी जा रही है, लेकिन धान की खरीद नहीं की जा रही। अगर किसान कम रेट में दान देने को तैयार है, तो तुरंत ढेरी को उठा लिया जाता है। किसानों ने रोष प्रकट करते हुए बताया कि 23 तारीख से धान की खरीद शुरू हुई थी। उसके बाद बारदाना न होने की बात कह कर खरीद नहीं की गई। फिर 27 तारीख का आश्वासन दिया गया, लेकिन 27 तारीख को भी खरीद नहीं हुई।

संक्षिप्त समाचार

# हौसला बुलंद चोरों ने अब दिनदहाड़े की लाखों चोरी

## पिछले रविवार को भैटोली में प्राचीन माता मंदिर से हुआ था चोरी

**उजाला संचार, वाराणसी।** चोलापुर क्षेत्र थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिसौरा में बुद्धवार को हौसला बुलंद चोरो ने दिन दहाड़े दरवाजे का



ताला तोड़ कर लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण समेत नगदी रुपयों पर हांथ साफ कर दिया । घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे एसीपी सारनाथ व चोलापुर पुलिस ।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम टिसौरा निवासी ज्योतिषाचार्य ऋषिकेश पाठक की पत्नी वैदेही पाठक ने बताया की बुधवार सुबह को नए घर पर काम काज खतम कर बगल के ही पुराने घर चली आई ।खाना खाने के बाद दोपहर लगभग 3 बजे नए घर में पहुंचने पर देखा तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था । घर के अन्दर सारा सामान बिखरा पड़ा देख कर होश उड़ गए । घर में रखा हमारी दोनों बहू के सोने चांदी के आभूषण लगभग कीमत 4 लाख रुपए समेत हजारो रुपये नगद पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया ।घटना की सूचना चोलापुर पुलिस को दी गई, सूचना मिलते ही क्षेत्र में भ्रमण कर रहे एसीपी सारनाथ अतुल अंजान त्रिपाठी, व चोलापुर थाना प्रभारी ईश्वर दयाल दुबे मयफोर्स मौके पर पहुंच चोरी की हुई घटना की जानकारी करने में जुटे रहे ।इस बाबत बात करने पर थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द से जल्दी इस चोरी अथवा क्षेत्र हुए चोरी का हम लोग प्रदाफास करेगे।

## एमपीएमएमसीसी एवं एचबीसीएच द्वारा श्री रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि



**उजाला संचार, वाराणसी।** महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल (एम.पी.एम.एम.सी.सी. एवं एच.बी.सी.एच.) द्वारा बुधवार को देश के दिग्गज उद्योगपति, समाजसेवी पद्म विभूषण श्री रतन नवल टाटा जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान दोनों ही अस्पतालों में कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। अस्पताल के निदेशक डॉ. सत्यजीत प्रधान ने कहा कि रतन टाटा जी के निधन की खबर सुनकर हमसब स्तब्ध हैं। वो न केवल एक कुशल उद्योगपति थे, बल्कि मानवता की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहने वाले जनहितैषी व्यक्ति भी थे। होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र के निर्माण में टाटा ट्रस्ट द्वारा सी.एस.आर. के तहत की गई मदद के लिए अस्पताल प्रशासन सदैव उनका आभारी रहेगा। रतन टाटा जी का जाना एक अपूरणीय क्षति है। गौरतलब है कि बुधवार को 86 वर्ष की उम्र में मुंबई स्थित एक अस्पताल में रतन टाटा का निधन हो गया।

# कमिश्नरेट चितईपुर थाना पुलिस व एसओजी को मिली बड़ी सफलता

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** पुलिस ने लूट और विभिन्न आपराधिक घटनाओं में लिप्त 25 हजार के इनामिया को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त शेरु खान (40 वर्ष) पुत्र चुन्ने खान उर्फ मुस्ताक अहमद, निवासी काजीपुरा, गोदौलिया, वाराणसी को बजरडीहा चौकी के पास से पकड़ा गया।



शेरु ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने अपने साथी विनोद भारती के साथ मिलकर 27 जुलाई 2024 को सुबह विश्वनाथपुरी कॉलोनी, नासिरपुर, सुसुवाही, चितईपुर में एक महिला के गले से सोने की चेन छीनी थी। विनोद ने वह चेन बेच दी और शेरु को 4000 रुपये हिस्से में मिले थे, जिसमें से 1800 रुपये खर्च हो गए और बाकी 2200 रुपये उसने अपने ससुराल में छिपाकर रखे थे।

इसके अलावा, उसने 25 जुलाई 2024 को रोहनिया क्षेत्र में एक और महिला की चेन छीनने की बात भी स्वीकार की। दोनों घटनाओं को अंजाम देने के बाद शेरु वाराणसी से सूरत भाग गया और बीच-बीच में छिपते हुए वाराणसी आता-जाता रहा। योजना के अनुसार, चोरी की मोटरसाइकिल से वे महिलाओं को निशाना बनाते थे। विनोद बाइक चलाता था और शेरु महिलाओं के गले से चेन खींचता था।

गिरफ्तार अभियुक्त शेरु खान उर्फ राजू उर्फ हमीद दशाश्वमेध थाना अंतर्गत गोदौलिया काजीपुरा का रहने वाला है।

पुलिस उसे बजरडीहा के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने 2200 रुपए नगदी बरामद किये हैं। लूटी गई चेन पहले से ही गिरफ्तार सह अभियुक्त विनोद भारती से बरामद की जा चुकी है। शेरु खान पर कई संगीन अपराध दर्ज हैं, जिनमें चोरी, डकैती, और पुलिस पर हमला शामिल हैं। वाराणसी कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ कुल 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में चितईपुर इंस्पेक्टर संजय कुमार मिश्र, एसआई संदीप कुमार सिंह, चौकी प्रभारी चितईपुर, हेड कांस्टेबल राकेश सिंह, कमलेश सिंह, कांस्टेबल सूरज सिंह, कमलकिशोर, महिला कांस्टेबल मिनाक्षी शामिल रहे। वहीं पुलिस की सहयोगी टीम में एसओजी टीम व सर्विलांस सेल से कांस्टेबल अश्विनी कुमार सिंह शामिल रहे।

# सेंट जॉन्स मड़ौली एलुमनाई एसोसिएशन एवं दी बनारस क्लब लिमिटेड द्वारा मोक्ष वाहिनी एवं बांडी चिलर का समाज को समर्पण

**उजाला संचार**

**रोहित सेठ, वाराणसी।** जीवन के अंत के बाद भी सेवा के भाव के साथ सेंट जॉन्स मडोली एलुमनाई एसोसिएशन एवं दी बनारस क्लब लिमिटेड द्वारा आज दिनांक 8 अक्टूबर को एक मोक्ष वाहिनी एवं एक बॉडी चिलर का जन समर्पण मण्डलायुक्त वाराणसी कौशलराज शर्मा एवं जिलाधिकारी वाराणसी एस राजलिंगम की उपस्थिति में बनारस क्लब प्रांगण में किया गया।




बनारस क्लब के सचिव डॉ एन पी सिंह ने बताया की काशी जैसे व्यस्त शहर में ट्रैफिक एवं दूरी के कारण अब लोगों को अपने प्रियजनों के शव कंधे पर रख के घाट तक ले जाना आसान नहीं रह गया। इस परिस्थिति में मानसिक रूप से व्यधित परिजनों की असुविधा को ध्यान में रखते हुए इस मोक्ष वाहिनी की सेवा प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया जिसे सेंट जॉन्स मडोली एलुमनाई एसोसिएशन के सहयोग से आज शुरू किया जा रहा है।

सेंट जान्स मड़ौली एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष वरुण मूंदडा ने बताया की संस्था के पूर्वाध्यक्षों एवं कार्यकारिणी ने जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसका कार्य को करने का संकाय लिया था जिसे आज पूरा किया गया है।

यह वाहन एवं चिलर एसोसिएशन द्वारा बनारस क्लब को प्रदत किया गया है। महलायुक्त कौशलराज शर्मा ने इस पुनीत सेवा कार्य के लिए दोनों संस्थाओं को धन्यवाद दिया और भविष्य में इस प्रकार के और सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने काशी की जनता एवं विभित्र संस्थाओं के सेवा भाव की सराहना की और कहा की काशी जैसा सेवा का संकल्प पूरी दुनिया के लिए एक नजीर है। जिलाधिकारी एम राजलिंगम ने सस्था की भरोसा दिलाया की वाहन के संचालन में जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग मिलेगा तथा दोनों संस्थाओं के सदस्यों को साधुवाद दिया। तत्पश्चात वाहन पर माल्यार्पण कर एव प्रार्थना करके वाहन को जनता को समर्पित किया गया

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सी ए अतुल सेठ, दीपक मधोक, रोहित कपूर, वैभव कपूर,मनीष माहेश्वरी, सलिल शाह, उदप राजगढ़ीया,समीर कपूर, दीपक जैन, गुंजन चांडक, प्रदीप चौरसिया, सचिन अग्रवाल, मोहित मेहरा दीपेश वशिष्ठ , जयदीप सिंह, विशाल अग्रवाल, अपूर्व मित्तल अमित अग्रवाल, अपूर्व मित्तल, शाश्वत खेमका ,विश्धनाथ शाह, नरेश कोहली श्रेयाश जैन, अनिल ओहरी, वैभव अग्रवाल,आलोक पांडे डॉक्टर श्रुति आनंद जूही कोठारी उपस्थित रहे।

# चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण संपन्न



**उजाला संचार**

**वाराणसी।** संस्थान बरेका द्वारा स्वच्छता ही सेवा- 2024 के अंतर्गत 22.9.2024 को हुए चित्रकला प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण संस्थान के पुस्तकालय में संपन्न किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राजकुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष संस्थान एवं वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/ मुख्यालय ने कहा कि स्वच्छता की शुरूआत हमें अपने घर से शुरू करना चाहिए जैसे अपने को स्वच्छ करना घर के कमरों इत्यादि को साफ सुथरा रखना तत्पश्चात अपने आस- पड़ोस, मोहल्ला फिर पूरे समाज को स्वच्छ रखने का प्रयास करना चाहिए।

स्वच्छता की जागरूकता फैलाने के लिए बच्चों से अच्छे कोई नहीं हो सकते क्योंकि यही हमारे देश के भविष्य हैं। उन्होने चित्रकला प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त प्रतिभागियों को शुभकामनाएं वह बधाई देते हुए उन्हें प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम के पूर्व मां सरस्वती के फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर सर्वशी रमेश चंद जैसल, आनंद राय, मिथिलेश सिंह, मनोज सिंह, राजकुमार, राहुल यादव, पवन यादव, अभिषेक, योगेश्वर सिंह, शिवम सोनकर, महेंद्र कुमार इत्यादि नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत श्री अरविंद तिवारी, उप सचिव संस्थान ने तथा अंत में धन्यवाद का ज्ञापन श्री रविंद्र प्रसाद यादव, संयुक्त सचिव संस्थान ने किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश कुमार, उप संयुक्त सचिव ने किया। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक श्री अरविंद विश्वकर्मा जी रहे तथा पूरे कार्यक्रम के संयोजक श्री आलोक कुमार सिंह सचिव संस्थान रहे।

# हत्या के मामले में कांग्रेस नेता समेत चार दोषमुक्त

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** जमीन की पुरानी रंजिश को लेकर लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर युवक की हत्या करने के मामले में कांग्रेस नेता समेत चार आरोपितों को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गयी। विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) की अदालत में विचारण के दौरान बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि मृतक जिसकी गोली से मौत होना बताया गया है, उसकी मौत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली लगने से होना नहीं पाया गया है। इसकी पुष्टि भी पोस्टमार्टम के डाक्टर ने अपनी जिरह के दौरान कही है। डाक्टर ने बताया कि मृतक की मौत गोली लगने से नही हुई है। इस आधार पर अदालत ने कोटवा, सारनाथ निवासी कांग्रेस नेता गुड्डू पांडे उर्फ गिरीश पांडेय, सतीश चन्द्र पांडेय, पप्पू यादव, राजन मिश्रा उर्फ नवीन मिश्रा को साक्ष्य के आभाव मे संदेह का लाभ देतें हुए दोषमुक्त कर दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अनुज यादव, अशोक यादव व नरेश यादव ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार सारनाथ निवासी नन्दु सोनकर ने सारनाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 24 जुलाई 2004 को सुबह उसका भाई अपनी जमीन पर बाजरे की छिटाई कर रहा था। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर कांग्रेस नेता गुड्डू पांडे उर्फ गिरीश पांडेय, सतीश चन्द्र पांडेय, पप्पू यादव, राजन मिश्रा उर्फ नवीन मिश्रा व हरिश्याम मिश्र के साथ लाठी डंडा व लाइसेंसी रिवाल्वर लेकर उसके खेत पर चल आये और लाठी डंडा से उसके भाई केदार सोनकर, मां मुन्नी देवी, पिता चमरू सोनकर को जाती सूचक शब्द से गालियां देते हुए जान से मारने की नियत से मारने-पीटने लगे। इस दौरान गुड्डू पांडे ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से उसके भाई केदार को जान से मारने की नियत से दो फायर किया। संयोग से उसके भाई केदार को न लग कर गोली मिश्रा के गले में लग गयी। गोली की आवाज सुनकर वहा अफरा-तफरी मच गई।

# पुनरीक्षित बजट पर कार्यकारिणी समिति ने लगायी मुहर

## नगर निगम का वित्तीय वर्ष मूल बजट के 104916.77 लाख के स्थान पर पुनरीक्षित बजट पास हुआ 113697.12 लाख

**जलकल का वित्तीय वर्ष मूल बजट के 29405 लाख के स्थान पर पुनरीक्षित बजट पास हुआ 29505 लाख**

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज वित्तीय वर्ष 2024-25 के पुनरीक्षित बजट को पास कराने हेतु नगर निगम के सभागार में अपराह्न 01:00 बजे बैठक की गयी, जिसमें आय एवं व्यय के मदो पर विस्तार के साथ चर्चा की गयी। सर्वप्रथम नगर निगम के बजट पर चर्चा हुई। आय के मदों में कुल रु0 7102 लाख की वृद्धि की गयी है। जिन आय एवं व्यय के मदों में बढ़ोत्तरी या कमी की गयी, उनका विवरण निम्नलिखित है:-

1. सेवा/ प्रशासनिक शुल्क सड़क क्षति वसूली के मद में मूल बजट में रु0 300 लाख का प्राविधान किया गया था, जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 400 लाख किया गया। इस मद में रु0 100 लाख की वृद्धि की गयी।

2. राज्य वित्त आयोग के मद में मूल बजट में रु0 38000 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 45000 लाख किया गया। इस मद में रु0 700 लाख की वृद्धि की गयी।

3. दण्ड और जुमार्ना (अतिक्रमण विभाग) के मद में मूल बजट में रु0 4 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 6 लाख किया गया। इस मद में रु0 2 लाख की वृद्धि की गयी।

व्यय के मदों में कुल रु0 4427 लाख की वृद्धि की गयी है। जिन व्यय के मदों में बढ़ोत्तरी या कमी की गयी, उनका विवरण निम्नलिखित है:-

1. मजदूरी संविदा (सफाई मित्र) के मद में मूल बजट में रु0 2300 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 2400 लाख किया गया। इस मद में रु0 100 लाख की वृद्धि की गयी।

2. कर्मचारियों का पेंशन के मद में मूल बजट में रु0 7000 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 8000 लाख किया गया। इस मद में रु0 1000 लाख की वृद्धि की गयी।

3. महापौर/ पार्षद/ अधिकारी भ्रमण भत्ता के मद में मूल बजट में रु0 30 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 49 लाख किया गया। इस मद में रु0 19 लाख की वृद्धि की गयी।

4. डीजल प्रेट्रोल/ सी0एन0जी0 के मद में मूल बजट में रु0 800 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 1400 लाख किया गया। इस मद में रु0 1400 लाख की वृद्धि की गयी।

5. कम्प्यूटर, फोटो स्टेट, सी0सी0 कैमरा के मद में मूल बजट में रु0 30 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 42 लाख किया गया। इस मद में रु0 12 लाख की वृद्धि की गयी।

6. उद्यानों के रख-रखाव के मद में मूल बजट में रु0 200 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 500 लाख किया गया। इस मद में रु0 300 लाख की वृद्धि की गयी।

7. एस0टी0पी0 सीवर पम्पिंग स्टेशन रखरखाव के मद में मूल बजट में रु0 2000 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 4000 लाख किया गया। इस मद




में रु0 2000 लाख की वृद्धि की गयी।

8. राज्य वित्त आयोग (ई0ई0एस0एल0 स्ट्रीट लाइट) के मद में मूल बजट में रु0 200 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 700 लाख किया गया। इस मद में रु0 500 लाख की वृद्धि की गयी।

9. अस्थायी कार्य व्यय बैरेकेटिंग, टेण्ट शामियाना के मद में मूल बजट में रु0 700 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 800 लाख किया गया। इस मद में रु0 100 लाख की वृद्धि की गयी है।

10. ठेकेदारों, आपूर्तिकताओं के देयताओं के मद में मूल बजट में रु0 700 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 800 लाख किया गया। इस मद में रु0 100 लाख की वृद्धि की गयी है।

11. वाहनों वाह्य मरम्मत के मद में मूल बजट में रु0 150 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में घटाकर रु0 100 लाख किया गया। इस मद में रु0 50 लाख की कमी की गयी है।

12. गंगा नदी सफाई हेतु फ्लोटिंग थ्रेस स्किमर क्रय एवं संचालन के मद में मूल बजट में रु0 357 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में घटाकर रु0 100 लाख किया गया। इस मद में रु0 257 लाख की कमी की गयी है।

जलकल विभाग के बजट पर चर्चा हुई। जलकल विभाग का पुनरीक्षित बजट रु0 29440 लाख का स्वीकृत किया गया। जिन मदों में वृद्धि की गयी, उसका विवरण निम्नवत है:-

1. जलकर, जलमूल्य एवं सीवरकर सहित अन्य जलकल विभाग के करों के मद में मूल बजट में रु0 9630 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 9730 लाख किया गया। इस मद में रु0 100 लाख की वृद्धि की गयी है।

जलकल विभाग के व्यय के जिन मदों में वृद्धि की गयी, उसका विवरण निम्नवत है:-

1. नई नलिकायें बिछाना (जल/सीवर/मेनहोल निर्माण) के व्यय मद के मूल बजट में रु0 300 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 350 लाख किया गया। इस मद में रु0 50 लाख की वृद्धि की गयी है।

2. नियमित वेतन/ महगांई भत्ते एवं अन्य भत्ते के व्यय मद के मूल बजट में रु0 1800 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 1900 लाख किया गया। इस मद में रु0 100 लाख की वृद्धि की गयी है।

3. पेंशन के व्यय मद के मूल बजट में रु0 1800 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 1900 लाख किया गया। इस मद में रु0 1000 लाख की वृद्धि की गयी है।

4. जल वाहिनियों के रख-रखाव के व्यय मद के मूल बजट में रु0 200 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 300 लाख किया गया। इस मद में रु0 100 लाख की वृद्धि की गयी है।

5. सीवर वाहिनियों एवं मेनहोल की मरम्मत पर व्यय के व्यय मद के मूल बजट में रु0 250 लाख का प्राविधान किया गया था जिसे पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर रु0 350 लाख किया गया। इस मद में रु0 50 लाख की वृद्धि की गयी है।

बैठक में मा0 महापौर के द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये:-

1. एस0टी0पी0 संचालन के मद में उत्तर प्रदेश जल निगम को अवमुक्त की जाने वाली धनराशि अवमुक्त किये जाने के पूर्व जल निगम के द्वारा किये गये कार्यो का नगर आयुक्त एवं महाप्रबन्धक जलकल परीक्षण करने के पश्चात जल निगम को धनराशि अवमुक्त की जाय।

2. परेड कोठी पर कंडम वाहनों को पॉच दिन के भीतर हटाया जाय।

3. सभी जोनो पर जन्म मृत्यु पंजीयन हेतु कम्प्यूटर, कम्प्यूटर आपरेटर की व्यवस्था की जाय।

4. दुगार्पूजा एवं दशहरा के पर्व पर पूरे नगर में बेहतर सफाई, मार्ग प्रकाश एवं पैचवर्क की व्यवस्था की जाय।

5. कोई भी वाहन या मशीनी उपकरणों का क्रय कार्यकारिणी समिति से अनुमोदन कराकर क्रय किया जाय।

बैठक में नगर आयुक्त श्री अक्षत वर्मा, अपर नगर आयुक्त श्री दुष्यन्त कुमार मौर्य, श्री राजीव कुमार राय, श्रीमती सवित यादव, श्री विनोद कुमार गुप्ता, संयुक्त नगर आयुक्त श्री कृष्ण चन्द्र, मुख्य अभियन्ता श्री मोईनुद्दीन, महाप्रबन्धक जलकल श्री अनूप सिंह, सचिव श्री ओ0पी0 सिंह, उपसभापति श्री नरसिंह दास, सदस्य श्री अमरदेव यादव, श्री प्रमोद राय, श्रीमती गरिमा सिंह, श्री मदन दूबे, श्री श्याम आसरे मौर्य, श्री अक्षयवर सिंह, श्री हनुमान प्रसाद, श्री सुशील कुमार गुप्ता, श्री सुरेश कुमार, एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

उजाला संचार - मुद्रक, प्रकाश, प्रधान संपादक **महेंद्र कुमार सोनकर** द्वारा मीडिया टेक्स्ट, प्रा.लि. गोबिंदपुर, जीटी रोड, रोहनिया (वाराणसी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। भिखारीपुर, बीएलडब्ल्यू, शहर वाराणसी, (उ.प्र.)। संपर्क : 0542-4059021, 9696104265, 9696104269
समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों के लिए समस्त वाद वाराणसी न्यायाल के अधीन होंगे।